● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 141, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 29 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अधिकारियों संग बैठक कर सकते हैं पीएम मोदी 5

विराट कोहली ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिए बचा कर रखा है 6

## संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

### कांग्रेस अध्यक्ष वेल में पहुंचे, सभापति धनखड़ बोले- यह संसदीय इतिहास पर काला धब्बा

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार (28 जून) को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया।

दरअसल, विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। जबकि राज्य सभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा।



राज्य सभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

नीट मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खड़गे सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी। खड़गे सदन से बाहर आकर बोले कि यह चेयरमैन की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन, तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा।

प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। सदन में कार्यवाही जारी रही, लेकिन विपक्षी सांसद हॉस्पिटल चले गए। सेहत में सुधार होने पर फूलो को डिस्चार्ज कर दिया गया।

सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा-नीट पर सरकार संवेदनशील और पूरी तरह से सतर्क है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि एक भी बच्चे के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन जब ये विषय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, विपक्ष क्या न्यायालय के विजडम से ऊपर समझते हैं। जब एनटीए चीफ को हटा दिया गया, जांच जारी है, मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है तो इस तरह का माहौल बनाने का क्या मतलब है।

पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जांच पूरी होने तक आप संसद में नीट मुद्दे पर बहस नहीं कर सकते... सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया है, जांच जारी है और जब तक यह पूरी नहीं हो जाती, मानव संसाधन विकास मंत्रालय कोई निर्णय नहीं ले सकता। मैं सभी से अनावश्यक हंगामा न करने की अपील करता हूं।

लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत तो हुई, लेकिन महज 15 मिनट बाद ही इसे 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी से नीट पर चर्चा में शामिल होने की अपील की। लेकिन हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही रोकनी पड़ी।

## शासन की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विधानसभा के आगामी सत्र के लिए विभाग और विभागाध्यक्ष प्रश्नों के उत्तर भेजने के साथ ही विभागीय उपलब्धियों का विवरण भी तैयार रखें। विधानसभा एक ऐसा माध्यम है, जहाँ शासन के श्रेष्ठ कार्यों की जानकारी दिए जाने से आमजन तक भी महत्वपूर्ण सूचनाएं पहुंच जाती हैं। विधानसभा सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में भेजे जाएं। उत्तर के रूप में भेजी गई जानकारी भी संपूर्ण एवं प्रासंगिक होना चाहिए। इसी तरह जनकल्याण से जुड़ी राज्य शासन की प्राथमिकताओं का ब्यौरा भी इसमें शामिल होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विधानसभा सत्र के लिए की जा रही तैयारियों और जरूरी जानकारी भेजने के कार्यों की विभागवार



समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रालयीन सभाकक्ष में एक बैठक में आगामी एक जुलाई से प्रारंभ हो रहे मध्यप्रदेश विधानसभा के सत्र की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्र के संबंध में शासन स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग श्री के.सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव विधानसभा श्री ए.पी. सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय कुमार शुक्ला और श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव जनसंपर्क एवं विमानन श्री संदीप यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची जेल से रिहा

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले से जुड़े मामले में राहत मिली है। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज (शुक्रवार) उनकी रिहाई हो गई। पूर्व सीएम सोरेन पांच महीने बाद जेल से रिहा हुए हैं।

झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर फैसला सुनाया था। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में तीन दिनों तक सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ।ष्ट ने कहा



कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन के शामिल होने के सबूत नहीं मिले हैं।

जेल से हेमंत जब बाहर निकले तो बड़ी दाढ़ी और आत्मविश्वास के साथ नजर आए। इस दौरान उनके समर्थक भी पहुंचे थे। जेल से बाहर आकर पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर 31 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन अवैध रूप से हथियाने का आरोप है। सोरेन को सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी 2024 को कथिम जमीन घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अरेस्ट किया था। इसके बाद से वह रांची के बिरसा मुंडा जेल में थे। इस केस में ईडी ने चार्जशीट में हेमंत सोरेन, राजकुमार पाहन, हिलारियास कच्छप, भानु प्रताप प्रसाद और बिनोद सिंह को आरोपी बनाया है।

## सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2 प्रतिशत ब्याज दर मिलती रहेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सभी स्मॉल सेविंग स्कीमों की ब्याज दरों में जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए कोई बदलाव नहीं किया है। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने शुक्रवार (28 जून) को नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले अप्रैल-जून तिमाही के लिए भी सभी स्मॉल सेविंग स्कीमों की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। इसका मतलब है कि जुलाई-सितंबर 2024-25 तिमाही के लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1% और सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज दर मिलती रहेगी।

## महाराष्ट्र में महिलाओं को हर महीने रु. 1500 कैश

### गरीब परिवार को साल में 3 मुफ्त सिलेंडर, किसानों को रु. 5000 प्रति हेक्टेयर बोनस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से 4 महीने पहले शुक्रवार 28 जून को एनडीए की एकनाथ शिंदे सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश किया। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया है।

इसमें किसानों का बिजली बिल माफ, खेती के लिए 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस की घोषणा की गई है। गरीब परिवारों को हर साल 3 गैस सिलेंडर मुफ्त और 21 से 60 साल की उम्र की



महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए कैश देने की योजना शामिल है।

राज्य सरकार ने आम लोगों को राहत देते हुए वैट में 3% कटौती (24 से 21%) की घोषणा की है। इससे पेट्रोल में 65 पैसे और डीजल की कीमतों पर 2 रुपए की कमी होगी। हालांकि, इसका फायदा सिर्फ मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे के लोगों को ही होगा। राज्य में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य में बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी की गठबंधन सरकार है। इसका कार्यकाल 8 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। अक्टूबर 2024 में चुनाव होने की संभावना है। राज्य के सभी किसानों को कपास और सोयाबीन की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 5000 रुपए का बोनस दिया जाएगा।

## कर्नाटक में वैन और लॉरी की टक्कर, 13 की मौत, 4 घायल

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले में वैन और लॉरी की टक्कर में दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई। चार घायल हैं। वैन में 17 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया, हादसा सुबह 3.45 पर हुआ। जब वैन हावेरी जिले के बयादागी में हाईवे किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। चार घायलों में से दो आईसीयू में एडमिट हैं। हावेरी एसपी अंशू कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, वैन में सवार सभी लोग चिंचोली मयम्मा देवस्थान से आ रहे थे और शिवमोग्गा लौट रहे थे।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 की छत गिरी, 1 की मौत, 8 घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बारिश की वजह से शुक्रवार सुबह 5 बजे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई। हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई, 8 घायल हैं। घायलों का इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा है। दिल्ली फायर सर्विस, पुलिस, सीआई एसएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत-बचाव में जुटी हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया- टर्मिनल-1 पर डोमेस्टिक फ्लाइट के लिए पार्किंग एरिया में सुबह गाड़ियों की लंबी लाइन लगी थी। इसी दौरान पार्किंग की छत गिर गई। छत का भारी-भरकम हिस्सा और लोहे के तीन सपोर्ट बीम भी गाड़ियों पर गिर गए। इस दौरान यहां खड़ी कारें बीम में दब गईं। आईजीआई एयरपोर्ट की डीएसपी उषा रंगनानी ने बताया कि डिपार्चर गेट नंबर 1 से से गेट नंबर 2 तक फैले टर्मिनल-1 के बाहर का शेड ढह गया, जिसमें करीब 4 गाड़ियां दब गईं। डीएफएस के असिस्टेंट डिवीजनल ऑफिसर रविंदर सिंह ने बताया कि आठ लोगों को मलबे से बचाया गया।

## गरीब-जरूरतमंदों को मिले सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाईयों का लाभ : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही प्रभु की सेवा है। जन औषधि केंद्र का ग़रीब और जरूरतमंदों को लाभ मिले। औषधि केंद्र में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयों के बारे में प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल श्री पटेल रेडक्रॉस चिकित्सालय में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने शुभारंभ अवसर पर औषधि केंद्र की संचालन गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने औषधि केंद्र में विक्रय की जाने वाली दवाइयों का



अवलोकन भी किया।श्री पटेल ने चिकित्सकों से चर्चा करते हुए कहा कि मरीजों को आत्मीय और मनोवैज्ञानिक संबल प्रदान करे। यह मरीजों को शीघ्र लाभ देता है। राज्यपाल श्री पटेल ने रेडक्रॉस चिकित्सालय को अनुदान स्वरूप 5 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने चिकित्सालय को 2 डेंटल चेयर प्रदान की गई। श्री पटेल ने रेडक्रॉस चिकित्सालय की नई दंत चिकित्सा इकाई का शुभारम्भ किया। उन्होंने नईडेंटल चेयर्स का अवलोकन करते हुए दंत चिकित्सकों से चर्चा भी की। राज्यपाल श्री पटेल का रेडक्रॉस परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ कार्यक्रम में शॉल और श्रीफल से अभिनंदन किया गया।श्री पटेल ने इस अवसर पर ऑवला और शमी के पौधों का रोपण किया।राज्यपाल श्री पटेल ने रेडक्रॉस प्रबंधन समिति के सदस्यों से मिलकर परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन डॉ. गगन कोल्हे और प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## अमरनाथ के लिए 4603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले 4603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को शुक्रवार (28 जून) सुबह हरी झंडी दिखाई। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से तीर्थयात्रियों को 231 वाहनों में सीआरपीएफ की थ्री लेयर सिक्योरिटी के बीच रवाना किया। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरु हो रही है जो 19 अगस्त (52 दिनों) तक चलेगी।

सिन्हा ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षा के लिए कामना भी की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ जी का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। तीर्थयात्रियों का यह पहला जत्था जम्मू से कश्मीर के दो बेस कैंप उत्तरी कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के लिए रवाना हुआ है।

अधिकारियों ने कहा कि आज से 19 अगस्त तक अलग-अलग रास्तों पर ट्रैफिक पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए हर रोज एडवाइजरी जारी की जाएगी। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत, चार घायल

**मऊगंज।** जिले में आकाशी बिजली गिरने से अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत हो गई वहीं चार घायल हुए हैं। घायलों को सिविल अस्पताल मऊगंज लाया गया है जहां उपचार जारी है। शव को अस्पताल में रखवा दिया गया है। यह आकाशीय बिजली की घटना अलग-अलग जगहो में घटित हुई है। पहली घटना मऊगंज थाना क्षेत्र के दुवगबॉ दुवान गांव में घटित हुई है जहा की निवासी पानबती दुवेद्वी पत्नी जनार्दन द्विवेदी उम्र 55 वर्ष घर से दो छोटे छोटे बच्चों को लेकर आम की रखवाली करने गई थी. जैसे ही गरज चमक शुरू हुई तो बच्चों को अपनी पल्लू में ढक कर आम पेड़ के नीचे छुप गई तभी आकाशी बिजली गिरी तो महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दोनों छोटे-छोटे बच्चे सुरक्षित बच गए।

## यूएस में पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट, ट्रम्प ने बाइडेन को हराया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आज (28 जून) को राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई। 81 साल के हो चुके बाइडेन के लिए खुद को डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का सही उम्मीदवार साबित करने के लिए यह सबसे बेहतरीन मौका था। हालांकि, 75 मिनट की डिबेट के बाद अमेरिका के सबसे बड़े मीडिया हाउस में शुमार न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉशिंगटन पोस्ट और डिबेट होस्ट करने वाले ष्टहह ने इसमें ट्रम्प को विजेता घोषित किया। विश्लेषकों ने कहा कि बहस के दौरान बाइडेन बार-बार अपनी बात रखने में अटक रहे थे, वे लगातार खांस रहे थे और ट्रम्प के आरोपों का जवाब नहीं दे पा रहे थे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, बाइडेन की इस परफॉर्मेंस के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता राष्ट्रपति पद के लिए उनकी दावेदारी पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि बाइडेन चुनाव से पहले अगले 4 महीने तक होने वाले कैंपेन को भी पूरा नहीं कर पाएंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी के एक स्ट्रैटजिस्ट ने सोशल मीडिया पर लिखा, पार्टी में बाइडेन को पद से हटाने के लिए आवाजें तेज होने वाली हैं। वे अब तक पार्टी के चहेते थे, लेकिन अब यह बदलने वाला है। वहीं एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा, पार्टी का लक्ष्य चुनाव जीतना है। लेकिन आज जो व्यक्ति ट्रम्प के साथ स्टेज पर मौजूद था, वह हमें यह जीत नहीं दिला सकता। बाइडेन की पूर्व कम्युनिकेशन डायरेक्टर केट बेडिंगफील्ड ने बहस के बाद कहा, इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह डिबेट बाइडेन के लिए अच्छी नहीं रही।

## मानसून की पहली बारिश में दिल्ली तर

### अब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, यूपी, बिहार समेत 9 राज्यों की बारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बीती रात और शुक्रवार सुबह भारी बारिश हुई। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए। कई स्थानों पर कारें पानी में डूबी नजर आईं। वहीं, दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्टए के टर्मिनल पर छत का एक हिस्सा ढहने से 8 लोग घायल हो गए। 1 की मौत हुई है। यहां कुछ कारों को भी नुकसान पहुंचा है। एनडीआरएफ के अधिकारी दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर मौजूद हैं। इसी तरह, जलजमाव के बाद द्वारका सेक्टर 25 मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया है। एयरपोर्ट हादसे के बाद टर्मिनल-1 से आने-जाने फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा है।



डीजीसीए के अनुसार, एयरलाइंस को सलाह दी गई है कि वे यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों से उनके गंतव्य तक पहुंचाएं या नियमों के तहत किराए की पूरी राशि रिफंड करें। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यात्रियों का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

समाचार एजेंसी के अनुसार, फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की छत गिरने की सूचना मिली। आपात स्थिति से निपटने के लिए चार दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

इस बीच, मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून सही गति से आगे बढ़ रहा है। इसके राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया था कि 29 या 30 जून को दिल्ली में मानसून की एंट्री हो जाएगी। कहा जा रहा है कि बीती रात मानसून ने चुपके से दिल्ली में एंट्री मारी। अब 3 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। इसके बाद से बीती रात और आज सुबह हुई भारी बारिश ने राष्ट्रीय राजधानी में व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जगह-जगह पानी भरने से लोग परेशान होते रहे। खासतौर पर फ्लाईओवर के नीचे वाले हिस्सों में काफी पानी भर गया। नीचे देखिए वीडियो मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ने देश के बड़े हिस्से को कवर कर लिया है। यूपी समेत उत्तर भारत के बड़े हिस्सा के साथ ही बिहार और पंजाब तक बारिश का क्रम शुरू हो गया है। कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो रही है।

# सभी अधिकारी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें : कंसोटिया

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**सिंगरौली।** कमिश्नर कार्यालय रीवा में आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें। कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की मॉनीटरिंग करें। उचित मूल्य दुकानों, स्कूल, आँगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल तथा अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की हर सप्ताह समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आगामी फसल के लिए कृषि आदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद वितरण की कलेक्टर कड़ी निगरानी करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षारोपण का अभियान चलाएं। आमजनता की भागीदारी से अधिक से अधिक पौधों के रोपण का प्रयास करें। रोपित पौधों की देखभाल और सुरक्षा की भी उचित व्यवस्था करें। हर शहर और बड़े कस्बों में जन सहयोग से स्मृति वन का निर्माण कराएं। इसमें आमजनों द्वारा उनके पूर्वजों की स्मृति में पौधे रोपित कराएं। कोई भी व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों की स्मृति में इसमें वृक्षारोपण कर सकें ऐसी व्यवस्था करें। संभाग के सभी जिलों में वन राजस्व सीमा विवाद हैं। इसके निराकरण के लिए राजस्व और वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करके उन्हें प्रशिक्षण दें। दोनों विभाग मिलकर वन व्यवस्थापन की कार्यवाही करें। वन्य प्राणियों से फसल की हानि होने पर इसके राहत प्रकरण राजस्व अधिकारी तैयार कर किसान को राहत राशि प्रदान करें। वन्य प्राणियों से जन हानि के प्रकरण में राहत राशि वन विभाग से दी जाएगी।अतिरक्त मुख्य सचिव ने कहा कि गत संभागीय बैठकों के निर्णयों पर तेजी से अमल हुआ है। शेष लंबित बिंदुओं पर सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर जमीन आवंटन तथा बड़ी परियोजनाओं से जुड़े अन्य कार्यों की व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन से सिंगरौली जिले में बैढ़न एक तथा बैढ़न दो समूह नल-जल योजनाओं में आवश्यक अनुमति जारी कर दी गई है। सिंगरौली में ट्राईबल के दो अधूरे निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग पीआईयू को दे दी गई है। इसका निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। कलेक्टर सतना टमस परियोजना से जिन गांवों का डिनोटिफिकेशन किया गया है उनके किसानों को समय सीमा में जमीन वापसी की कार्यवाही करें। सिंगरौली की गोड़ सिंचाई परियोजना को स्वीकृति जारी कर दी गई है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में बंद है इसे तत्काल शुरू कराएं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि ट्राईबल विभाग द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय ने भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी है। शेष कार्यवाही विभाग सुनिश्चित करे। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन किया जा रहा है। बैठकों के बाद कई लंबित परियोजनाओं के कार्यों में तेजी आई है। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी तत्परता से बैठक के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं।बैठक में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, बहुती जल प्रपात को पर्यटन केन्द्र के रूप में व्यवस्थित करने, बगदरा में गौ वन्य अभ्यारण्य के निर्माण, शिक्षकों की भर्ती, समूह नलजल योजनाओं की प्रगति तथा भू अर्जन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट के एनआईसी से व्हीसी के माध्यम से कलेक्टर चन्दशेखर शुक्ला, वनमण्डल अधिकारी अखिल बंसल, जिला पंचायत के सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरई मे रेल रोको अंदोलन, धरना प्रदर्शन के बाद सौंपा गया ज्ञापन



**सिंगरौली।** सिगंरौली जिले के सरई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर कोयला डंप कर कोलयार्ड बनाने का विरोध मे शुक्रवार को रेल रोको आंदोलन की शुरूआत सरई तहसील परिसर से रैली निकालकर पद यात्रा करते हुए सरई रेलवे स्टेशन के पार्किंग स्थल पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अगुवाई सुनील जायसवाल के द्वारा ग्रामीणों के साथ की गई। धरना प्रदर्शन चलता रहा। जिसके बाद रेलवे के अधिकारियों को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन मे जिक्र किया गया है कि सरई ग्राम रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 02 को यात्रियों के ऑवागमन के सुविधा के लिए बनाया गया था, परन्तु अब प्लेटफार्म नं. 02 पर यात्रियों के आवागमन को अवरूद्ध कर प्राइवेट कंपनियों का कोयला डंप कराया जा रहा है, जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है व सरई नगर परिषद के अंदर घनी बस्ती होने के कारण प्रदूषण से कई प्रकार के बिमारियों का सामना करना पड़ेगा। अतः सरई ग्राम रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 02 पर हो रहे कोयला डंप को अतिशिघ्र बंद किया जाय व निजी कंपनियों को कोयला परिवहन के लिए अलग से रेल्वे लाईन लगाकर कोयला परिवहन कराई जाय या कोयला डंप के लिए सरई नगर परिषद की घनी बस्ती से अन्यत्र विरान क्षेत्र में कोलयार्ड के लिए जगह निर्धारित की जाय। रेलवे के एरिया मैनेजर ब्यौहारी रेलवे सौरभ कुमार ने ज्ञापन पत्र लेते हुए कहा कि आपके मांगो को उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा, जिसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा लिये गयें निर्णय को आपको सूचित किया जाएगा। वही रेल रोको अंदोलन के नेतृत्वकर्ता सुनील जायसवाल ने कहना है कि रेलवे के अधिकारियों द्वारा अश्वासन मिला है कि 15 दिवस के अंदर आपके मांगों पर अमल किया जाएगा। आगे सुनील जायसवाल ने कहा कि यादि 15 दिवस के अंदर कोयला डंपिंग अगर नहीं बंद हुई तो पुनः धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न दलों के नेता व जनप्रतिनिधि के साथ साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस मौके सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। तो वहीं फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस इत्यादि व्यवस्था प्रसासन की ओर से किया गया था।

# ढाई हजार की रिश्वत लेते संकुल का बाबू रंगे हाथ गिरफ्तार

## लोकायुक्त रीवा की टीम ने जयंत हायर सेकंडरी स्कूल में की कार्रवाई



**सिंगरौली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयंत संकुल के बाबू को रीवा लोकायुक्त पुलिस ने ढाई हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वेतन का एरियर भुगतान करने की एवज में बाबू ने शिक्षक से रिश्वत की मांग किया था। इसकी शिकायत आवेदक शिक्षक ने रीवा लोकायुक्त एसपी से किया। इसके बाद शुक्रवार को रिश्वत लेते हुए (सहायक ग्रेड-3) बाबू को लोकायुक्त पुलिस ने संकुल परिसर में ट्रेप किया है।

लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि आवेदक शिक्षक उमाकांत वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटवां में पदस्थ है। आवेदक का एरियर भुगतान पेंडिंग था। जिसे निकालने के लिए संकुल जयंत हायर सेकंडरी का कई बार चक्कर लगाया। मगर आरोपी अशोक कुमार पाण्डेय भुगतान को लेकर तारीख पर तारीख दे रहा था लेकिन भुगतान नहीं किया। इसके बाद आरोपी बाबू आशोक कुमार पाण्डेय ने एरियर भुगतान करने की एवज में ढाई हजार रुपए रिश्वत की मांग किया। इसकी शिकायत आवेदक उमाकांत वर्मा ने लोकायुक्त एसपी रीवा से किया। जहां शुक्रवार को 12 सदस्यीय टीम जयंत पहुंची और इस बीच आवेदक ने बाबू को ढाई हजार रुपए रिश्वत की राशि बाबू को देने लगा। तभी लोकायुक्त की टीम ने आरोपी को बाबू को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। 12 सदस्यीय ट्रेप दल में लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार, निरीक्षक जियाउल हक सहित स्टाफ के अन्य लोग शामिल रहे।

## डंपर ने बोलेरो कैंपर को कुचला, एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत, चार घायल

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में एनसीएल की खदानों में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आपको बता दें कि यहां पर कुछ दिन पहले भी खदान क्षेत्र में हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी, वहीं शुक्रवार को सुबह फिर एनसीएल की जयंत खदान के ईस्ट क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है, यहां पर कोयले से भरा होलपैक डंपर बोलोरो कैंपर पर चढ़ गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई, वहीं चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार सुबह की है।

## कलेक्टर ने की निर्माण कार्यो की समीक्षा

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यपालन यंत्री भवन लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिले में किये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा कर उपस्थित कार्यपालन यंत्री सहित सहायक एवं उपयंत्रियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर समस्त निर्माण कार्य गुणवंत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने तथा निरंतर मानीटरिंग कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये। वही उपस्थित साईट इंजिनियरों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने बड़े निर्माण कार्यो की विस्तृत जानकारी लेकर पूर्ण हो चुके एवं आगामी दिनों में पूर्ण होने वाले निर्माण कार्यो का जन प्रतिनिधियों के माध्यम से लोकापर्ण कराने को कहा। साथ ही निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार के अवरोध कि स्थिति में अविलंब अवगत कराने तथा निर्माण एजेंसियों को निर्धारित शर्त के अनुसार कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिये।

# नशा मुक्ति जन जागृति अभियान का समापन कार्यक्रम मैत्री सभागार एनटीपीसी विंध्यनगर में आयोजित किया गया



**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के परिपेक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन कराए जाने के निर्देशो के पालन में पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली द्वारा जिला स्तर पर विशेष नशा मुक्ति जन जागरुकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा सिंगरौली व समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियो के द्वारा दिनांक 20-06-2024 से 26-06-2024 तक अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रो में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसका समापन आज दिनांक 27-06-2024 को मैत्री सभागार विंध्यनगर में किया गया।मैत्री सभागार एन.टी.पी.सी. विंध्यनगर में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के तहत समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, धौहनी विधायक कुवर सिंह टेकाम, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, गिरीश दिवेदी, राम अशोक शर्मा कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला सिंगरौली पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शिव कुमार वर्मा, जिला सिंगरौली, , नगर पुलिस अधीक्षक, पी.एस. परस्ते, विंध्यनगर, डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. विजय शाह, जिला अस्पताल बैढ़न डॉ.अभिषेक बैस एनटीपीसी, डीपीएस स्कूल के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय, समाजसेवी अशरफ अली, नरेश शाह, मिथिलेश मिश्रा, एडवोकेट अवनीष दुबे, समस्त महिला मण्डल आनंदम विभाग, स्कूलो के छात्र-छात्राए एवं शिक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे। नशा मुक्ति अभियान के तहत सभी अधिकारियों ने नशा मुक्त भारत को सफल बनाने के लिए शपथ ली तथा विभागीय स्तर पर व विद्यालयों में स्लोगन, गायन, लेखन,निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिये गये।सिंगरौली पुलिस द्वारा समाज में नशे के विरुद्ध आमजन में जागरुकता लाने एवं अवैध मादक पदार्थो के व्यवसाय पर प्रभावी नियंत्रण व जनजागृति हेतु संपूर्ण जिले में दिनांक 20-06-2024 से 26-06-2024 तक नशामुक्ति जन जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति जनजागरुकता अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियो द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में स्थित स्कुल, कॉलेज, ग्राम, मोहल्लो, चौक, चौराहो आदि जगहो पर बाईक रैली, बैनर पोस्टर आदि लगाकर जागरुक किया गया। साथ ही जन जागरुकता रैलीयो का आयोजन कर जागरुक किया गया। जन जागरुकता अभियान में उपस्थित जनमानस को नशीले पदार्थो का सेवन करने से होने वाले दुष्प्रभाव, दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए नशे से दूरी बनाने के संबंध में जागरूक किया गया। नशे का सेवन करने से शारीरिक स्वास्थ पर पड़ने वाले विपरित असर के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही नशे से दुर रहने के लिये व अपने आस पास रहने वालो लोगो को भी प्रेरित करने के संबंध में शपथ भी दिलाई गई।उक्त नशामुक्ति जन जागरुकता कार्यक्रम में विमल म्यूजिक ग्रुप के अशोक पाण्डेय संगीतकार का नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा है।

# शाहपुर मे अवैध खनिज रेत का भण्डारण मात्रा 70 घ.मी. को खनिज विभाग ने किया जप्त

## अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को भी पकड़ा



**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सृजन वर्मा (आई.ए.एस), जिला खनिज अधिकारी एके राय एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में दिनांक 27/06/2024 को खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला, थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी, खनिज सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह एवं पुलिस अमले द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम-चन्दावल (सेमरा बाबा के पास) एक ट्रेक्टर कमांक एम.पी. 66 ए 2290 को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ थाना विन्ध्यनगर परिसर में खड़ा कराया गया है। वही जॉच के दौरान शाहपुर डूबक्षेत्र में खनिज रेत मात्रा 70 घ.मी. का अनाधिकृत रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। मौका जॉच के दौरान किसी भी व्यक्ति/फर्म के द्वारा खनिज रेत भण्डारण सम्बन्धित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर लावारित रूप से सम्पूर्ण खनिज रेत मात्रा 70 घ.मी. जप्त किया गया है। उपरोक्तानुसार जप्त टेक्टर-ट्राली एवं अवैध रूप से भण्डारित खनिज रेत के विरूद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही हेतु कलेक्टर सिंगरौली के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही में = प्र. आरक्षक श्यामसुन्दर वैश्य, बालगोविन्द तिवारी, सैनिक कृष्ण कुमार योगी, रामसिया पटेल, जगदम्बा प्रसाद तिवारी शामिल रहे।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)**
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक/918/खनिज/2024 सीधी, दिनांक 21/6/2024

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिये "

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मे0 भदौरिया माइन्स एण्ड मिनरल्स प्रा0लि0, प्रो0 श्री अखिल प्रताप सिंह पता पवार गैस गोदाम के बगल में, नेहरू नगर रीवा जिला रीवा (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23.04.2021 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 27.06.2024 से 26.07.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | रामपुर नैकिन | नैकिन | 589/2, 590, 591, 589/1, 584 | 1.600 | निजी | लेटराइट | – |
| सीधी | रामपुर नैकिन | बीरपुर | 49/1/1, 81 | 1.080 | निजी | लेटराइट | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी–12528/24

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)**
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक/912/खनिज/2024 सीधी, दिनांक 21/6/2024

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिये "

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री सूरज सिंह पिता श्री मानेन्द्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पतेरी, तहसील चुरहट, जिला सीधी (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 29.09.2022 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 27.06.2024 से 26.07.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | गोपद बनास | करगिल | 41 (एस) | 1.370 | शासकीय | बोल्डर | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी–12527/24

# सभी अधिकारी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें : कंसोटिया

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा



**सीधी।** कमिश्नर कार्यालय रीवा में आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें। कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की मॉनीटरिंग करें। उचित मूल्य दुकानों, स्कूल, आँगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल तथा अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की हर सप्ताह समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आगामी फसल के लिए कृषि आदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद वितरण की कलेक्टर कड़ी निगरानी करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षारोपण का अभियान चलाएं। आमजनता की भागीदारी से अधिक से अधिक पौधों के रोपण का प्रयास करें। रोपित पौधों की देखभाल और सुरक्षा की भी उचित व्यवस्था करें। हर शहर और बड़े कस्बों में जन सहयोग से स्मृति वन का निर्माण कराएं। इसमें आमजनों द्वारा उनके पूर्वजों की स्मृति में पौधे रोपित कराएं। कोई भी व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों की स्मृति में इसमें वृक्षारोपण कर सकें ऐसी व्यवस्था करें। संभाग के सभी जिलों में वन राजस्व सीमा विवाद हैं। इसके निराकरण के लिए राजस्व और वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करके उन्हें प्रशिक्षण दें। दोनों विभाग मिलकर वन व्यवस्थापन की कार्यवाही करें। वन्य प्राणियों से फसल की हानि होने पर इसके राहत प्रकरण राजस्व अधिकारी तैयार कर किसान को राहत राशि प्रदान करें। वन्य प्राणियों से जन हानि के प्रकरण में राहत राशि वन विभाग से दी जाएगी।

अतिरक्त मुख्य सचिव ने कहा कि गत संभागीय बैठकों के निर्णयों पर तेजी से अमल हुआ है। शेष लंबित बिंदुओं पर सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर जमीन आवंटन तथा बड़ी परियोजनाओं से जुड़े अन्य कार्यों की व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन से सिंगरौली जिले में बैढ़न एक तथा बैढ़न दो समूह नल-जल योजनाओं में आवश्यक अनुमति जारी कर दी गई है। सिंगरौली में ट्राईबल के दो अधूरे निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग पीआईयू को दे दी गई है। इसका निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। कलेक्टर सतना टमस परियोजना से जिन गांवों का डिनोटिफिकेशन किया गया है उनके किसानों को समय सीमा में जमीन वापसी की कार्यवाही करें। सिंगरौली की गोड़ सिंचाई परियोजना को स्वीकृति जारी कर दी गई है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में बंद है इसे तत्काल शुरू कराएं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि ट्राईबल विभाग द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय ने भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी है। शेष कार्यवाही विभाग सुनिश्चित करे। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन किया जा रहा है। बैठकों के बाद कई लंबित परियोजनाओं के कार्यों में तेजी आई है। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी तत्परता से बैठक के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं। बैठक में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, बहुती जल प्रपात को पर्यटन केन्द्र के रूप में व्यवस्थित करने, बगदरा में गौ वन्य अभ्यारण्य के निर्माण, शिक्षकों की भर्ती, समूह नलजल योजनाओं की प्रगति तथा भू अर्जन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में आईजी एमएस सिकरवार, वन संरक्षक राजेश राय, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, डीआईजी साकेत पाण्डेय, उप संचालक संजय टाईगर रिजर्व अमित दुबे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी तथा सभी संभागीय अधिकारी शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी बैठक में शामिल रहे।

केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलने के बाद बोले सीधी सांसद

# सीधी की सड़कों का होगा कायाकल्प, बनेंगी विश्व स्तरीय



**सीधी।** दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने मुलाकात कर क्षेत्र के विकास की संभावनाओं के साथ-साथ सीधी से लगने वाली चारों दिशाओं में फोरलेन सड़कों का विश्व स्तरीय जाल बिछाने की मांग की, जिस पर श्री गडकरी ने गंभीरता से विचार करने की बात कही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से रीवा से मोहनिया टनल तक, सोन से सीधी तक फोरलेन, तथा सीधी-सिंगरौली निर्माणाधीन सड़क के कार्य में शीघ्र गति से प्रारम्भ किए जाने एवं प्रयागराज से सीधी व सीधी से टिकरी फोरलेन और सीधी से ब्यौहारी होते हुए शहडोल फोरलेन की मांग की एवं सीधी स्थित टोल प्लाजा को दूर स्थापित करने की भी मांग की, जिससे सीधी क्षेत्रवासियों को सुविधा का लाभ मिल सके।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा केंद्रीय मंत्री गडकरी जी को सौंप गए पत्र में सड़कों के व्यापक विस्तार की बात कही गई है, जिस पर तत्परता दिखाते हुए केंद्रीय मंत्री श्री गड़करी जी ने सम्पूर्ण विषयों एवं मांगों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए शीघ्र पूरी करने का आश्वासन दिया हैं। इसके पूर्व सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को रिकॉर्ड मतों से जीतने के लिए और केंद्रीय मंत्री पुन: बनने के लिए शुभकामनाएं दी और केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा को भी हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

# म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 08 जुलाई तक

## कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी लेंगे भाग

**27 जुलाई को आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता**

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित होगी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की सम्भावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

एपीसी रमसा एवं पर्यटन क्विज के नोडल ने जानकारी देकर बताया कि प्रत्येक स्कूल की टीम में तीन छात्र शामिल होंगे। 27 जुलाई को लिखित परीक्षा होगी इसमें 6 टीम चयनित कर मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली इन 6 टीमों को मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थल को घूमने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन प्रारंभ हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 8 जुलाई 2024 है। सभी शासकीय - अशासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने-अपने विद्यालय के 3 छात्रों की एक टीम का पंजीयन निर्धारित तिथि के पूर्व कराएं जाने हेतु पत्र जारी किया है।

# अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का मिलेगा लाभ

**सीधी**

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विकास ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के क्रियान्वयन के लिये प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के लिए ऐसे अनु. जनजाति के सदस्य जिनकी उम्र 18 से 45 साल के मध्य हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण हो उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। इसी प्रकार टंट्या मामा अर्थिक कल्याण योजना के लिए ऐसे अनु. जनजाति के सदस्य जो आयकर दाता न हो, जिनकी उम्र 18 से 55 साल के मध्य हो उन्हे सभी प्रकार के स्वरोजगार गतिविधियो हेतु राशि रूपये 10 हजार से 1 लाख तक की परियोजनाओ के लिये बैंको के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जायेगा।

# किसान भाई नैनो डीएपी से बीज उपचार करें : उप संचालक कृषि

**सीधी।** खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी में जुटे सभी किसान भाइयों से उप संचालक कृषि द्वारा अपील की गई है कि इस बार अपनी फसलों में नैनो डीएपी तरल का प्रयोग अवश्य करें। इसका प्रयोग बीज सोधन और छिड़काव दोनों रूप में किया जाता है।

उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि नैनो डीएपी से बीज उपचार करने एवं फसलों पर छिड़काव करने से विभिन्न लाभ प्राप्त होता है। बीज अंकुरण के तुरंत बाद पौधे को पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है जो परंपरागत डीएपी से समय पर नहीं मिल पाती। नैनो डीएपी के उपयोग से पौधे को तुरंत पोषक तत्व मिलते हैं जिससे जड़ और पौधे की वृद्धि तेजी से होती है। पौधे में जड़ों की संख्या बढ़ती है। नमी की कमी होने पर पौधे की सूखा सहन करने की क्षमता बढ़ती है। पौधे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। नैनो डीएपी पर्यावरण और मिट्टी को कोई हानि नहीं पहुंचाता। यह परंपरागत डीएपी से सस्ता पड़ता है, परिवहन में आसान है और बीज उपचार और छिड़काव दोनों विधियों में उपयोगी है।

बीज उपचार-नैनो डीएपी तरल का बीज उपचार 5 मि.ली. प्रति किलो ग्राम की दर से करें एवं उपचारित बीजों को 20-30 मिनट तक छांव में सुखाने के उपरान्त ही बुवाई करें। जड़/कंद/सेटउपचार- नैनो डीएपी तरल का जड़/कंद/सेटउपचार 5 मि.ली. प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर जड़/कंद/सेट को 20 से 30 मिनट तक घोल में डुबोये रखे फिर छांव में सुखाने के उपरान्त रोपाई/बुवाई करें। पर्णीय छिड़काव- नैनो डीएपी तरल 4 मि.ली. प्रति लीटर साफ पानी की दर से घोल बनाकर फसलों की वानस्पतिक अवस्था (कल्ले/शाखा बनते समय) या फूल निकलने से पहले वाली अवस्था पर छिड़काव करें।

# पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दिव्यांग सहायता योजना एवं ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 लागू

**दिव्यांग उपकरण एवं ई-स्कूटर वाहन क्रय करने पर मिलेगा अनुदान**

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सहायक सचिव मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दो नवीन योजनाऐं लागू की गई हैं।

उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण दिव्यांग सहायता योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक एवं उनके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित आश्रित परिवार के सदस्य को मोटर चलित तिपहिया साईकल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि (अधिकतम 35 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। इसी प्रकार भवन एवं अन्य सन्निर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक ई-स्कूटर वाहन क्रय किए गये वाहन का 50 प्रतिशत राशि (अधिकतम 40 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। उपरोक्त योजनाएं पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए लागू की गई है। योजना का राजपत्र में प्रकाशन राज्य शासन द्वारा दिनांक 14 जून 2024 को प्रकाशित राजपत्र में हो चुका है, तथा उक्त योजनाएं पूरे मध्यप्रदेश राज्य में राजपत्र प्रकाशन दिनांक से लागू की जा चुकी है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने-अपने निकाय कार्यालय अथवा जिला श्रम कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकेगा।

# सांसद पहुंचेंगे सीधी, 29 और 30 को लेंगे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा संसद के दो दिनो के अवकाश के दौरान शेष बचे समय में जनता जनार्दन के बीच रहेंगे। सांसद डॉक्टर मिश्रा 29 जून को समीक्षा बैठक जनपद पंचायत रामपुर नैकिन मे, दोपहर 12 बजे, स्थान सामुदायिक भवन, रामपुर नैकिन, चुरहट विधानसभा, जिला सीधी मे वही 30 जून को पार्टी के विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों जैसे प्रधानमंत्री के मन की बात, ग्राम बैरिहा पूर्व में एवं वृक्षारोपण सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक उसके पश्चात लोकतन्त्र सेनानियों के सम्मान उनके निवास पर जाकर, दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक जन दर्शन कार्यक्रम सांसद कार्यालय मैं शामिल होने के पश्चात शाम 06 बजे दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने ऑनलाइन करें आवेदन

**सीधी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि उद्योग संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 के अनुसार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सीधी जिले के लिए शासन द्वारा भौतिक लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। जिले के मान्य सभी बैंक शाखाओं को शाखावार मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लक्ष्य आवंटित कर दिए गए है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत स्वयं का व्यवसाय/सेवा/उद्योग स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से एमपी ऑनलाइन के श्समस्तश् पोर्टल के माध्यम से ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजनांतर्गत 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति व्यवसाय और सेवा क्षेत्र के लिए 50 हजार से 25 लाख रूपये तक तथा उद्योग (विनिर्माण) के लिए 50 हजार से 50 लाख रूपये तक की परियोजना लागत हेतु ऑनलाइन आवेदन समस्त पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजनांतर्गत ब्याज अनुदान एवं सीजीटीएमएसई अनुदान की पात्रता है।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सीधी (म0प्र0)

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 921 / खनिज / 2024 सीधी, दिनांक 21 / 6 / 2024

// द्वितीय सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री सुजीत सिंह पिता श्री हितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम करमाई, तहसील-मझौली, जिला-सीधी (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना दिनांक 26.12.2022 को प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 27.06.2024 से 11.07.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | गोपद बनास | शिवपुरवा | 622 | 1.933 | निजी | गिट्टी | - |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

जी-12524/24

खनिज अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सीधी (म0प्र0)

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 924 / खनिज / 2024 सीधी, दिनांक 21 / 6 / 2024

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिये "

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स एम.बी. माइन्स एण्ड मिनरल्स प्रा.लि. निवासी ग्राम पतेरी, तहसील चुरहट, जिला सीधी (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.10.2022 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 27.06.2024 से 26.07.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | बहरी | डढ़िया | प्लाट क्र. 415 तिलई वन कक्ष क्र. पी-912 | 44.004 | वन भमि | बोल्डर | - |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

जी-12522/24

खनि अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सीधी (म0प्र0)

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 906 / खनिज / 2024 सीधी, दिनांक 21 / 6 / 2024

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिये "

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री उपेन्द्र बहादुर सिंह पिता श्री लालबहादुर सिंह निवासी ग्राम राणाप्रताप मार्ग, कोटहा, तहसील गोपद बनास, जिला सीधी (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.10.2022 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 27/06/24 से 26/07/24 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | गोपद बनास | उड़ैसा | 1120, 1122, 1124, 1127 | 2.230 | शासकीय | पत्थर | - |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

जी-12515/24

खनिज अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

## संपादकीय

### जवाबदेही बढ़ेगी, राहुल गांधी विपक्ष के नेता

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। खैर, इस पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है।लोकसभा चुनाव परिणामों के साथ ही कांग्रेस के भीतर से मांग उठने लगी थी कि राहुल को नेता प्रतिपक्ष का पद संभालना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं।कई प्रमुख समितियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है नेता प्रतिपक्ष। इससे जाहिर है कि पिछले 10 बरसों से यह पद खाली होने के चलते संसद ने क्या खोया। लेकिन, यह पद इन समितियों और नियुक्तियों तक सीमित नहीं। नेता प्रतिपक्ष को शैडो पीएम तक कहा जाता है। वह सरकार के मुखिया पीएम की परछाई की तरह होता है, उसके हर काम पर नजर रखने वाला।राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करेंगे। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करने होंगे। कई मामले होते हैं जहां सरकार और विपक्ष की सहमति जरूरी होती है। बेहतर होगा कि उन स्थितियों में फैसला राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर लिया जाए।राहुल गांधी को घोषित तौर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया.. का नेता नहीं चुना गया था, लेकिन इसमें किसी को शक नहीं कि विपक्ष का असल चेहरा वही थे। चुनाव के दौरान विपक्ष के सारे दलों को एकजुट रखने के लिए उन्होंने भरपूर प्रयास किए।

# नेता विपक्ष का ओहदा तय करेगा राहुल गांधी का सियासी भविष्य?

**16वीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी।**

(डॉ. रमेश ठाकुर)

कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं।

16वीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा।

कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 44 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे। पर, ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है। पर, जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड़ चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे? 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष सभी से काम की उम्मीद करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि लच्छेदार बातों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला?



बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षा में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। पर, इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही, वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उनपर थोड़ा भरोषा जताया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है। ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े शूरमा धराशाही हो गए हैं। अपने राजनीतिक कॅरियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से बीती 25 जून की देर शाम को अर्जी भी भेज दी गई है। हालांकि उनके इस पद को लेकर कोई अड़चन या अड़गा इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि संसदीय परंपरा और नियमानुसार नेता विपक्ष के लिए किसी भी दल के पास दस फीसदी सांसद होने चाहिए, जिसमें कांग्रेस सफल है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा।

राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं। प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़ दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपए से ऊपर होती हैं। इसके अलावा नेता विपक्ष ईडी निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्चस्थ पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है। नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी। लेखक सदस्य, राष्टीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) भारत सरकार!

# समाज सेवा करते करते राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर छाने वाले ओम बिरला का जीवन बड़ा प्रेरक है

**ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ।**

(प्रो. संजय द्विवेदी)

राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने।

ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी।

श्री बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण



बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा।

राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। 17 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया । उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान,मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं।

बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किया, जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को किताबें और कपड़े वितरित किए जाते थे। इसके साथ ही रक्तदान और मुफ्त दवा वितरण के आयोजनों से वे लोगों के दिलों में उतरते चले गए। फिर उन्होंने मुफ्त भोजन कार्यक्रम भी चलाया। उनका संकल्प था उनके लोग भूखे न सोएं। इस तरह वे बहुत संवेदनशील और बड़े दिलवाले सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता की तरह सामने आते हैं। यह उन हाशिए के लोगों की दुआएं ही थीं कि बिरला आज सत्ता राजनीति के शिखर पर हैं।

भाजपा को एक दल के रूप में इस बार लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं है और उसकी निर्भरता राजग के सहयोगियों पर बढ़ी है। इसी तरह सदन में प्रतिपक्ष ज्यादा ताकतवर हुआ है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की सरकार के सामने अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी मौजूद होंगे। मोदी की तीसरी सरकार में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना भी एक बड़ी सूचना है। पिछले दो सदनों में कांग्रेस के इतने सदस्य नहीं थे कि वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल कर सके।

## वर्ग पहेली 5415



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस भारतीय भौतिक वैज्ञानिक ने 12 अगस्त को जन्म लिया था (7)
6. दुर्भाग्य, दुर्दशा, संकट (3)
7. एक प्रकार का फल जो भगवान के भोग निमित्त चढ़ाया जाता है, कदली (2)
9. तिब्बत के बौद्धों के धर्माचार्य, घास खाने और पागुर करने वाला एक जंतु जो ऊंट जैसा होता है (2)
10. मुशी, लिखने वाला, लेखक (3)
12. एक प्रकार का मंगल वाद्य, नफीरी (4)
13. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता ओर श्रोता के अतिरिक्त निकटवर्ती सभी संज्ञाओं या बातों के लिए होता है (2)
14. इस देश को म्यांमार कहा जाता है (2)
15. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. यह एक दिवंगत पूर्व में दस्यु रह चुकी थीं (5)
21. उथल-पुथल, भागदौड़, संचलन (4)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)

**ऊपर से नीचे**

1. महाकाय, भीम, गजकाय (5)
2. तारतम्य, रूटीन, विन्यास, करीना (2)
3. स्वार्थ, खुदगर्जी, प्रयोजन (4)
4. भारत का प्रथम अंतरिक्ष यात्री (5)
5. बरछा, बल्लम, नेजा, पाषाणी (2)
8. श्रमादि करके कमाया हुआ धन (3)
9. उपस्थित करना, ले आना, लिवाना (2)
11. तिगुना, तीन बार उतना ही (3)
14. जंगली मेवा (4)
16. निर्मित होना, निर्माण होना, पनपना (3)
17. यह उत्तर भारत में बहने वाली महत्वपूर्ण नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
18. एक प्रशंसासूचक शब्द (2)
20. प्रदत्त करना, प्रदान करना (2)

### वर्ग पहेली 5414 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दी | रा | म | बो | स | | रा |
| द | म | न | शी | ल | | व्यो | म |
| | क | | न | चा | ना | | च |
| ता | | ब | ग | ल | | वा | रि |
| क | न्या | दा | न | | आ | द | त |
| त | य | | | मा | शा | | मा |
| | क | मा | ल | | ती | ज | न |
| क | र्ता | | ब | हु | त | | स |

# लोकतंत्र पर हमारी आस्था अब भी अटल

(संजय कुमार, प्रोफेसर, सीएसडीएस)

इस बार के आम चुनाव में 66.2 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह आंकड़ा तस्दीक करता है कि भारतीय मतदाता देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में न सिर्फ निरंतर रुचि ले रहे हैं, बल्कि उनका इनमें गहरा जुड़ाव है और वे इनमें अपनी भागीदारी भी अनवरत सुनिश्चित कर रहे हैं। इसने चुनाव से भारतीय मतदाताओं के मोहभंग के बारे में शुरुआती दौर में आनन-फानन में लगाए गए अनुमानों को खारिज कर दिया है। वास्तव में, इस साल पिछले आम चुनाव (वर्ष 2019) से महज एक प्रतिशत कम मतदान हुआ, लेकिन यह मतदाताओं की भागीदारी के लिहाज से अब तक का तीसरा सबसे बड़ा चुनाव भी साबित हुआ है। मतदान प्रतिशत मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी का सबसे मजबूत संकेतक होता है और साल 2024 का चुनाव विशेषकर महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी का संकेत दे रहा है। बेशक, एक लंबी चुनाव अवधि और मतदान-कार्यक्रम को लेकर कुछ मुद्दे जरूर उभर आए थे, पर मतदाताओं ने गर्मी का मजबूती से सामना किया, अपने जरूरी कामों को किनारे रखा और चुनाव में उल्लास के साथ भाग लिया।

मतदाताओं का यह उत्साह चुनाव खत्म होने के बाद भी बना रहा। इसका स्पष्ट संकेत था 1 जून की शाम एग्जिट पोल को लेकर चली चर्चा। हालांकि, असल नतीजा एग्जिट पोल के बिल्कुल उलट आया, नतीजतन, जनादेश और एग्जिट पोल की विफलता पर भी खूब बहस छिड़ी। इसे भी चुनाव और चुनाव प्रक्रिया में भारतीयों की गहन भागीदारी का ही संकेत माना जाना चाहिए। ईवीएम की विश्वसनीयता, बढ़ते दलबदल, चुनाव में विचारधारा की घटती भूमिका, निर्वाचित प्रतिनिधियों की गुणवत्ता जैसी तमाम चिंताओं के बावजूद चुनाव व चुनाव-प्रक्रिया से भारतीयों के होते मोहभंग का कोई संकेत हमें नहीं दिखता, मामूली भी नहीं। लोकनीति-सीएसडीएस का सर्वेक्षण बताता है कि 17 फीसदी भारतीय ईवीएम को भरोसमंद नहीं मानते, जबकि अन्य 43 फीसदी का इस पर विश्वास बना हुआ है। करीब 30 फीसदी भारतीयों ने ईवीएम पर डिगते विश्वास का उल्लेख किया।

यह सही है कि इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसने सहयोगी दलों के साथ सरकार बनाई है, पर भारतीयों में विचारों में विविधता भी खूब दिखी है, जिसका ख्याल सरकार को रखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य तमाम नेताओं की तुलना में खासा लोकप्रिय हैं और राहुल गांधी की 27 फीसदी की तुलना में उनकी लोकप्रियता का प्रतिशत 41 है, फिर भी लोकनीति-सीएसडीएस सर्वेक्षण में 28 प्रतिशत भारतीयों ने बताया कि प्रधानमंत्री का तेज अब मंद पड़ने लगा है और अन्य 33 फीसदी मानते हैं कि दूसरे दलों के दागी नेताओं को शामिल करने से भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचा है। यह सर्वेक्षण पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी प्रतिशोध की राजनीति पर आम लोगों में बढ़ती चिंता को भी जाहिर करता है। सर्वेक्षण में 44 फीसदी लोगों ने माना कि सियासी वजहों से विरोधी दल के नेताओं को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 23 फीसदी की राय इससे अलग थी। सर्वेक्षण में 67 फीसदी भारतीयों ने यह भी कहा कि नागरिकों को चुने हुए अपने नेताओं से सवाल पूछने का अधिकार होना चाहिए, जबकि 20 प्रतिशत इससे सहमत नहीं दिखे। यहां यह ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है कि 58 फीसदी भारतीय मुल्क के विकास के लिए सरकार को बदलना जरूरी मानते हैं, जबकि 32 फीसदी लोग सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार को ही तरक्की के लिए बेहतर मानते हैं। यहां अदालतों के महत्व पर भी गौर करना चाहिए, क्योंकि इस सर्वेक्षण में 58 फीसदी लोगों ने माना कि सरकार की शक्तियों की जांच के लिए अदालतें अहम हैं, जबकि 27 फीसदी लोग इसे जरूरी नहीं मानते। सर्वेक्षण में 66 फीसदी भारतीयों ने माना कि सरकार के फैसलों का विरोध करने की जरूरी ताकत उनके पास होनी चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपके जीवन में सुख सुविधाएं बढ़ेंगी। आप धार्मिक और सामाजिक कार्य में हर प्रकार का सहयोग करेंगे और आपको लाभ प्राप्त होगा। ऑफिस में लोग आपकी बातों की सराहना करेंगे और आपको तवज्जो देंगे। यदि आपको कारोबार में लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज आज हर प्रकार की चिंता से दूर रहेंगे। आपके सुख और भोग के साधनों में वृद्धि होगी और हर कार्य में सफलता प्राप्त होने के योग हैं। परिवार की तरफ से भी वांछित समाचार मिलने से आपको हर्ष होगा और बच्चों की तरक्की को देखकर खुश होंगे। कुछ धैर्य बंधेगा और पड़ोसी आपको सहयोग करेंगे।

### मिथुन

आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आप जिस काम को लगन से पूरा करेंगे उसमें लाभ होगा और रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आप जिस योजना में भी निवेश करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। परिवार में मनमुटाव हो सकता है समझबूझ से काम लें। शाम के वक्त वाहन खराब होने से आपका खर्च अचानक से बढ़ सकता है।

### कर्क

आज करियर में मनचाही सफलता प्राप्त होगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपके ज्ञान में वृद्धि होगी और आप कुछ नया करने के बारे में भी सोच सकते हैं। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। नये कार्यों की खोज करने में मन लगेगा।

### सिंह

आज लाभ के योग बन रहे हैं और चंद्रमा का शुभ योग आपको धन लाभ करवाएगा। अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे तो आपका सम्मान बढ़ेगा। गरीबों की सहायता करेंगे और आपकी बातें लोगों को खुश करेंगे। कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में सक्षम रहेंगे।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। देर रात आपको कुछ ऐसे अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं जिनको करने का आपका मन नहीं करेगा। आपके कुछ खर्च आज ऐसे होंगे जो आपको लगेगा कि फालतू के हैं। आपका किसी काम में नहीं लगेगा। दिन को सूझबूझ से बिताएं।

### तुला

आज दिन काफी मेहनत वाला रहेगा और आज आपको काम अधिक करना पड़ेगा। आपको राज्य और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा और आपके घर में कोई शुभ समाचार आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और आपका उत्तरदायित्व बढ़ेगा।

### वृश्चिक

आज दिन मिश्रित फलकारक है और आज आपकी सेहत में गिरावट आ सकती है। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि आपको बिना मन के भी करने पड़ सकते हैं। शाम के वक्त आपका मन उदास रहेगा और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। शाम के समय कोई खुशखबरी मिल सकती है और आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

### धनु

आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आपको लाभ होगा। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। आप अपने मन की बात को दूसरों से शेयर न करें तो अच्छा होगा। रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपकी सेहत में गड़बड़ हो सकती है। खानपान में विशेष नियंत्रण करने की जरूरत है।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा। आपका कोई विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें फैसला आने की उम्मीद है। सफलता मिलने की पूर्ण संभावना रहेगी। धन का लाभ होगा। ईश्वर की पूजा में आपका मन लगेगा और आपके कार्य आराम से संपन्न हो जाएंगे। शाम से लेकर देर रात तक का समय जप और तप में बीतेगा। पुण्य कार्यों में मन लगेगा।

### कुंभ

आज दिन सफलता से भरा होगा। भविष्य में आपको नई संभावनाएं प्राप्त होंगी। आध्यात्मिक कार्य में आपका मन लगेगा और आपके अच्छे कार्य से खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। शाम का समय गाने बजाने और संगीत में बीतेगा। परिवार के साथ आप कहीं सैर और सपाटे पर जा सकते हैं।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन आराम से बीतेगा। संतान और पत्नी से प्रेम की भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगी। किसी मामले में आपको आकस्मिक चिंता हो सकती है। दूसरे व्यक्तियों की ओर से आपको लाभ होगा। सायंकाल तक आप कामयाब हो जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा के हथकंडों से सवाधान रहने की जरूरत है, वह जरूरी मुद्दों पर चुप रहती है : मायावती

**लखनउ, एजेंसी।** संसद के विशेष सत्र के बीच सेंगोल पर सियासत ने तूल पकड़ लिया है।



संसद से सेंगोल की हटाने मांग पर अब बसपा प्रमुख मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने सेंगोल को लेकर समाजवादी पार्टी को घेरा है। मायावती ने कहा कि सपा के हथकंडों से सवाधान रहने की जरूरत है। वह जरूरी मुद्दों पर चुप रहती है। मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केन्द्र सरकार को घेरती। उन्होंने आगे कहा कि जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आकर कमजोर वर्गों के विरूद्ध फैसले भी लेती है। इनके महापुरूषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकण्डों से जरूर सावधान रहें। दरअसल, यूपी के मोहनलालगंज लोकसभा सीट से सपा के सांसद आरके चौधरी की संसद में लगे सेंगोल को हटाने मांग पर सियासी बवाल मचा है। आरके चौधरी ने स्पीकर और प्रोटेम स्पीकर को एक चिट्ठी लिखी। आरके चौधरी ने कहा कि सेंगोल में की जगह भारतीय संविधान की विशालकाय प्रति स्थापित की जाए। सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, इसे संसद से हटा देना चाहिए। सांसद की इस मांग पर सियासत तेज हो गई। इसके बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सपा सांसद के बचाव में उतरे। उन्होंने कहा कि हमारे पार्टी के सांसद इसलिए ऐसा कह रहे होंगे क्योंकि जब सेंगोल पहली बार लगा था तब पीएम नरेंद्र मोदी ने बाकयदा उसे प्रणाम किया था। इस बार शपथ लेते समय शायद वो भूल गए। उसी को याद दिलाने के लिए शायद पार्टी के सांसद ने कुछ इस तरह का पत्र लिखा है।

### अब आयुष्मान योजना में होगा 70 साल पार सभी का इलाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोकसभा को संबोधित करते हुए देश के बुजुर्गों को बड़ी खुशखबरी दे दी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि 70 साल का उम्र पार कर चुके सभी बुजुर्गों का इलाज आयुष्मान योजना के तहत होगा। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के समय जारी घोषणापत्र में इसका वादा भी किया था। 24 जून से लोकसभा का सत्र शुरू हो चुका है। गुरुवार को संसद भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, नई सरकार में हम 70 साल से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को आयुष्मान का फायदा दे रहे हैं। यही नहीं किसानों के प्रति भी सरकार ने लगातार कार्य किए हैं। किसानों को 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए। इससे हमने किसानों को ज्यादा आत्मनिर्भर किया है। घोषणापत्र जारी करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 साल या इससे ज्यादा के बुजुर्गों का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, बुजुर्गों की सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि बीमारी का इलाज कैसे कराएंगे। यह चिंता मध्यमवर्गीय के लिए और भी ज्यादा गंभीर होती है। भाजपा ने अब संकल्प ले लिया है कि 70 साल से ज्यादा आयु के हर एक व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना के तहत लाया जाएगा। भाजपा के घोषणापत्र में कहा गया था, हम बुजुर्गों का कवर करने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करेंगे और उन्हें मुफ्त और अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएंगे। इस योजना की शुरुआत तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने वित्तीय वर्ष 2019 के बजट के दौरान की थी। इसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भी कहा जाता है, जिसके तहत फिलहाल 5 लाख रुपये का कवर मिलता है। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने माय भारत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए मेरा युवा भारत-माय भारत अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवा रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। साथ ही कहा कि सरकार डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

### किरोड़ी लाल और मदन दिलावर में हो गई सुलह, तबादलों पर विभाग ने लिया यू-टर्न

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में तबादलों को लेकर आमने-सामने हुए कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के बीच सुलह हो गई है। दिलावर के विभाग ने अब यू-टर्न ले लिया है। पंचायती राज विभाग का कहना है कि हमें कोई आपत्ति नहीं है। दरअसल, कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी के बाद किए गए तबादलों को रोकने के आदेश से अब पंचायतीराज विभाग ने यू-टर्न ले लिया है। पहले कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में इंजीनियरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग को गलत बताने के आदेश को अब पंचायतीराज विभाग ने नए आदेश में लिखा है कि हमें कोई आपत्ति नहीं है। इन तबादलों के लिए कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की मंजूरी ली गई, लेकिन अब मदन दिलावर का पंचायत राज विभाग इस ट्रांसफर पर रोक लगाते हुए आपत्ति जता रहा है। पंचायत राज विभाग ने कृषि विभाग के आदेश को मानने से इनकार कर दिया है। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने सभी जिला परिषद को लेटर लिखकर कृषि विभाग से आए इंजीनियरों को ज्वाइन नहीं करवाने और उन्हें फिर से मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। भजनलाल सरकार के कार्यकाल में दो विभागों के बीच अब टकराव देखने को मिल रहा है। इस टकराव के पीछे की वजह ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग है।

# बागी गुट के संपर्क में थीं उम्मीदवार, अकाली दल ने वापस लिया समर्थन, दिलचस्प हुआ जालंधर उपचुनाव

**जालंधर, एजेंसी।** पार्टी में छिड़ी बगावत के बीच शिरोमणि अकाली दल ने बड़ा एक्शन लिया है। अकाली दल ने जालंधर उपचुनाव के लिए अपनी उम्मीदवार सुरजीत कौर से समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। उपचुनाव में अकाली दल सुरजीत कौर के लिए प्रचार नहीं करेगा। पार्टी ने ये फैसला सुरजीत कौर की बागी नेताओं के साथ नजीदीकियों के कारण लिया है। चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ?शिअद के मुख्य प्रवक्ता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दलजीत चीमा ने यह जानकारी दी। बंगा के विधायक डा. सुखविंद्र सुखी जालंधर पश्चिमी उपचुनाव के लिए पार्टी की तरफ से ऐलानी 4 सदस्यीय कमेटी के मेंबर हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उम्मीदवार सुरजीत कौर को बाकायदा इस फैसले से अवगत करवाया था कि वह उपचुनाव नहीं लड़ेंगी। जालंधर उपचुनाव के लिए शिअद बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन प्रदान करेगा और इस पर सुरजीत कौर ने अपने नामांकन पत्र वापस लेने के लिए सहमति भी दी थी परंतु बाद में वह फैसले से पलट गए। पार्टी नेताओं ने बागियों को यह भी पूछा कि सुरजीत कौर को क्यों खड़ा किया गया और फिर जालंधर में माहौल क्यों खराब किया गया और कहा कि एक योजना के अंतर्गत सुरजीत कौर को हरवा कर उसका दोष भी पार्टी प्रधान सिर मढ़ने की साजिश रची गई।


शिरोमणि अकाली दल ने बागी अकाली नेताओं को आज फिर से पार्टी प्लेटफार्म पर आकर बात करने के लिए आमंत्रित किया



और साथ ही यह भी कहा कि जो नेता पार्टी प्लेटफार्म से बाहर बयानबाजी करना बंद नहीं करेंगे, उनके खिलाफ शिअद की अनुशासनात्मक समिति कार्रवाई का फैसला लेगी। अकाली नेता डा. दलजीत सिंह चीमा ने पत्रकार वार्त्ता में कहा कि जो भी खालसा पंथ और पार्टी को कमजोर करने के प्रयत्न कर रहे हैं, उन्होंने पहले ही झूंदा कमेटी की रिपोर्ट को ठुकरा दिया था, जिसमें एक परिवार एक टिकट की बात की गई थी। डा. चीमा ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के लिए 'बागी गुट' जैसे शब्दों का प्रयोग न करें क्योंकि अकाली दल एक पार्टी है। हमारे कैडर, वर्किंग कमेटी, जिला जत्थेदारों और हलका प्रधानों में से 99 प्रतिशत ने सुखबीर बादल की लीडरशिप में भरोसा प्रकट किया है और पार्टी प्लेटफार्म पर लिए फैसलों की हिमायत की है। उन्होंने कहा कि है यदि कुछ चुनिंदा नेता जाकर अपनी खिचड़ी पकाना चाहते हैं तो उनको बागी गुट कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अकाली दल एक पार्टी है कोई धड़ा नहीं है। लोकसभा चुनावों से पहले सुखबीर पार्टी को बताए बगैर प्रधानमंत्री मोदी से क्यों मिले थे-चंदूमाजरा वहीं, शिरोमणि अकाली दल के नेतृत्व से नाराज अकाली नेताओं ने भी अलग से चंडीगढ़ में मी?टिंग की। समूह का कहना है कि उन्हें अकाली दल से निकालने का अधिकार किसी के भी पास नहीं है। उनका जन्म अकाली दल में हुआ है, परवरिश अकाली परिवारों में हुई है, अकाली दल के लिए उन लोगों ने दिन-रात एक किए हैं, गांवों की खाक छानी है। आज जब वे लोग अकाली दल की मजबूती के लिए मंथन कर रहे हैं तो उन्हें भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का एजैंट कहकर संबोधित क्यों किया जा रहा है? अकाली नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने चंडीगढ़ में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि अकाली दल में आज बड़े संकट का समय आ गया है। वरिष्ठ अकाली नेताओं को बैठकों से दूर रखा जा रहा है, उनकी सहमति के बगैर फैसले लिए जा रहे हैं। बयान दिए जा रहे हैं कि अकाली नेताओं का समूह भाजपा के हाथों में खेल रहा है और बगावत कर रहा है, क्या उन्होंने यह भुला दिया है कि उसी भाजपा के साथ गठबंधन में रहकर उन लोगों ने कई साल राज भोगा है। चंदूमाजरा ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनावों से पहले सुखबीर सिंह बादल ने पार्टी को बताए बगैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गठबंधन को लेकर मुलाकात भी की थी, जब मोदी ने शिअद को पसंदीदा संख्या में सीटें देने से इनकार कर दिया तो वही भाजपा उनके लिए खराब बन गई? चंदूमाजरा ने कहा कि शिअद अब एक व्यक्ति की पार्टी बनकर रह गई है, जहां पार्टी की मजबूती की बजाय सिर्फ एक व्यक्ति विशेष के समर्थन की बात कही जा रही है। हमें अपनी वफादारी साबित करने के लिए हरसिमरत कौर के सर्टीफिकेट की जरूरत नहीं -जागीर कौर जागीर कौर ने कहा कि हरसिमरत कौर बादल बयान दे रही हैं कि अकाली नेताओं का समूह भाजपा के कहने पर नाच रहा है, तो वे जान लें कि हमें अकाली दल से अपनी वफादारी साबित करने के लिए हरसिमरत कौर बादल के सर्टीफिकेट की जरूरत नहीं है। सुखबीर बादल ने जालंधर उपचुनाव के लिए घोषित उम्मीदवार सुरजीत कौर से सिर्फ समर्थन ही वापस नहीं छीना बल्कि उनके कारिंदों ने सुरजीत कौर की तरफ से चुनाव आयोग को जाली दस्तावेज भी जमा करवाए। सुखबीर बादल द्वारा गठित 4 सदस्यीय समिति ने ही सुरजीत कौर का चयन किया था। सुखबीर बादल की सहमति के बाद ही सुरजीत कौर चुनावी मैदान में उतरी। सुरजीत कौर एक विधवा महिला है, किराए के घर में रहती हैं, उन्हें ऐसी स्थिति में पहुंचाने का क्या मतलब है? जाली दस्तावेजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जनता को खुश करने की बड़ी तैयारी, अधिकारियों संग बैठक कर सकते हैं पीएम मोदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह ही अपने आला अफसरों के साथ बड़ी बैठक करके जनहित के कार्यों



की समीक्षा कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले ही पीएम मोदी ने अधिकारियों को पहले 100 दिन का अजेंडा तैयार करने का काम सौंप दिया था। अब बारी है सरकार को काम करके दिखाने की। अधिकारियों के साथ बैठक में जनहित की योजनाओं और आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने को लेकर चर्चा हो सकती है। वहीं सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी विभागवार भी 125 दिनों के अजेंडे की समीक्षा कर सकते हैं। इसमें अंत्योदय के सिद्धांत पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जा सकता है। मामले से जुड़े एक शख्स ने बताया, अधिकारियों के साथ बैठक में पांच साल के रोडमैप पर भी चर्चा हो सकती है कि इस कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए क्या कदम उठाने होंगे। बता दें कि नरेंद्र मोदी के दो कार्यकाल में भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं 2014 से पहले इसका 11वां स्थान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अकसर अधिकारियों के साथ बैठक करके जानने की कोशिश करते हैं कि प्रमुख योजनाओं को लागू करने में क्या समस्याएं आ रही हैं। 2014 में पहली बार केंद्र की सत्ता संभालने के बाद पीएम मोदी ने 4 जून को अधिकारियों के साथ पहली बैठक की थी। यह बैठक ढाई घंटे तक चली थी। वहीं 17 अक्टूबर 2016 को भी इसी तरह की बैठक हुई थी जिसमें मंत्री भी मौजूद थे। 5 जून 2017 की बैठक में पीएम मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि जीएसटी को पूरी शक्ति के साथ लागू किया जाए। दूसरे कार्यकाल में 10 जून 2019 को पीएम मोदी ने बैठक बुलाई थी और नई सरकार के अजेंडे को लागू करने के निर्देश दिए थे। मामले के एक जानकार ने बताया, इस बार महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों पर आधारित गुड गवर्नेंस पर चर्चा की उम्मीद है। वहीं 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन पहुंचाने पर भी फोकस रहेगा।

## केरल में दुर्योधन का मंदिर सरकार लेती है टैक्स, ताड़ी का लगता है भोग

**कोल्लम, एजेंसी।** केरल को मंदिरों की भूमि माना जाता है। यहां कई प्राचीन मंदिर हैं। कोल्लम जिले के एक सुदूर गांव में दुर्योधन का एक मंदिर है जो अपने आप में खास है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, यह मंदिर कर चुकाता है। किंवदंती है कि राजकुमार दुर्योधन अपनी यात्रा के दौरान थक गए और उन्हें प्यासे लगी। वह पीने के लिए पानी को भटक रहे थे। उन्हें तथाकथित निम्न जाति की महिला ने पीने के लिए ताड़ी दी। दुर्योधन ने इसे खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। उन्होंने महिला और गांव को आशीर्वाद दिया और उन्हें जमीन दे दी। यहीं पर उनका एक मंदिर भी है। पेरूविरुथी मलानाडा मंदिर में दुर्योधन को प्रतिदिन ताड़ी चढ़ाई जाती है। मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है। यहां बस एक पॉलिश की हुई गदा रखा गया है। आपको बता दें कि महाभारत में द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश देते समय दुर्योधन खुशी से चिल्लाता है। ग्रामीण उसे अपूपा (दादा) कहते हैं। ग्रामीणों का ताड़ी चढ़ाने के बारे में दिलचस्प दृष्टिकोण है। वे कहते हैं कि ताड़ी चढ़ाने से देवता शांत और प्रसन्नचित्त रहते हैं। जहां तक करों का सवाल है तो यह कर मंदिर की आय पर नहीं है। भारत में सभी मंदिर कर मुक्त हैं। यह कर मंदिर के आसपास के पोरुवाझी गांव में मंदिर की 15 एकड़ भूमि पर लगाया जाता है।

# शिरूर तहसील के भाजपा उपाध्यक्ष ने की अजित पवार को बाहर करने की मांग

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में शिरूर से भारतीय जनता पार्टी के एक पदाधिकारी ने सत्तारूढ़ गठबंधन से उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को बाहर करने की मांग की। सत्तारूढ़ गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी शामिल है। भाजपा की शिरूर तहसील के उपाध्यक्ष सुदर्शन चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है, जिसमें वह पार्टी की एक बैठक में यह मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने पर राकांपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने गुरुवार को भाजपा नेता से माफी की मांग की। चौधरी वीडियो में भाजपा नेतृत्व से कह रहे हैं, आपके लिए यह सुझाव है। पार्टी कार्यकर्ता क्या सोच रहे हैं उसे समझिये। अगर आप कोई फैसला लेना चाहते हैं तो महायुति (सत्तारूढ़ गठबंधन) से अजित पवार को बाहर करिये।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर अजित पवार सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा नहीं होते तो सुभाष देशमुख, राहुल कुलकर्णी और योगेश तिलेकर जैसे वरिष्ठ नेता मंत्री बन सकते थे और अन्य को सरकारी निगमों का प्रमुख बनाया जा सकता था। सुभाष देशमुख, राहुल कुलकर्णी और योगेश तिलेकर बैठक में मौजूद थे। चौधरी ने दावा किया कि भाजपा पिछले 10 वर्षों से पवार की आलोचना करती आ रही थी लेकिन राज्य में कार्यकर्ता अब भयभीत महसूस कर रहे हैं क्योंकि उपमुख्यमंत्री ही मामलों की कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसील में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं



की इच्छा है कि उन्हें ऐसी शक्तियां नहीं चाहिए, जिसमें अजित पवार का हस्तक्षेप हो। चौधरी ने वीडियो में कहा, अजित पवार को सत्ता में क्यों लाया जाये, ताकि वह आदेश जारी कर भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज को दबा सकें। चौधरी ने शिरूर में हुई समीक्षा बैठक के दौरान मुद्दे पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। इसबीच, जब चौधरी संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे तभी राकांपा के कुछ कार्यकर्ता यहां कृषि उपज बाजार समिति परिसर पहुंचे और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। राकांपा कार्यकर्ताओं ने चौधरी से उपमुख्यमंत्री के खिलाफ दिये बयान पर माफी मांगने को कहा। चौधरी ने बाद में स्पष्ट किया कि उनके विचार निजी थे और इसका भाजपा के रुख से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर हंगामा करने वाले रांकपा कार्यकर्ताओं की आलोचना करते हुए कहा, अगर मेरे शब्दों से अजित दादा को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में चौधरी ने उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को टैग करते हुए कहा कि वह जनता की भावनाओं को व्यक्त कर रहे थे और बाद में उन्हें ÷राकांपा के गुंडों÷ द्वारा धमकी दी गई। उन्होंने फडणवीस से पुलिस सुरक्षा देने का अनुरोध किया क्योंकि उन्हें उनकी जान का खतरा है।

# शिवराज सिंह चौहान बदलेंगे रिवाज ! राज्यों के कृषि मंत्रियों को बुलाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के नए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य के कृषि मंत्रियों से मुलाकात करने जा रहे हैं। खबर है कि बैठकों का दौर 1 जुलाई से शुरू हो सकता है। हालांकि, इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि एनडीए सरकार के बीते दो कार्यकालों में पहली बार राज्य के मंत्रियों के साथ ऐसी परामर्श बैठकें नहीं हुई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, चौहान सबसे पहले छत्तीसगढ़ और असम के मंत्रियों के साथ बैठकें करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा पता चला है कि कृषि मंत्रालय ने राज्य के मंत्रियों को पत्र लिखकर बातचीत के लिए बुलाया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि साथ ही उन्हें पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तैयार करने और संबंधित राज्यों में किसानों और खेती की स्थिति पर अपने विचार रखने के लिए कहा गया है। अखबार से



बातचीत में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि वह राज्य सरकार की तरफ से लागू की गई केंद्र की योजनाओं के तहत यूनिट कॉस्ट में संशोधन की मांग को रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार बाजरा की खेती के प्रचार, सिंचाई से जुड़े मुद्दे और उत्पादन के लिए कोल्ड चेन स्टोरेज जैसे मुद्दों पर सरकार की तरफ से समर्थन की मांग करेगी। चौहान ने पहले कहा था कि वह हितधारकों और राज्य के मंत्रियों से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा था, मुझे इस बात पर गर्व या अहंकार नहीं है कि मैं सब जानता हूं या मेरे दफ्तर में बैठे आईएएस अधिकारी सब जानते हैं। मैं ज्ञान के लिए प्यासा हूं। खेती और किसानों के लिए जहां से भी संभव हो, मैं सबसे अच्छी जानकारी चाहता हूं। खास बात है कि वह एनआईटीआई आयोग के सदस्य रमेश चंद के साथ-साथ पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल से भी मिल चुके हैं।

अग्रवाल न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को लेकर बने 26 सदस्यीय पैनल की अगुवाई कर रहे हैं। ये पैनल तीन कृषि कानूनों के वापस लिए जाने के बाद गठित किया गया था। 21 जून को चौहान ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना के कृषि मंत्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत भी की थी।

## फडणवीस-उद्धव की लिफ्ट वाली गुप्त बैठक के बाद अटकलें तेज, चंद्रकांत पाटिल ने भी की मुलाकात

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में एनडीए के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) के संबंधों को लेकर कयासबाजी होने लगी है। विधानसभा में एक लिफ्ट के बाहर भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे की आकस्मिक मुलाकात ने कई अटकलों को जन्म दिया। दोनों नेताओं को सिर्फ कुछ शब्दों का आदान-प्रदान करते हुए ही नहीं देखा, बल्कि दोनों लिफ्ट में साथ गए।

बाद में जब इस बारे में पूछा गया तो महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा कि वे अपनी सभी गुप्त बैठकें लिफ्ट में करेंगे। आपको बता दें कि विधानमंडल के अंतिम सत्र के पहले दिन मीडिया में उस समय हड़कंप मच गया जब फडणवीस लिफ्ट का इंतजार कर रहे उद्धव ठाकरे से टकरा गए। उन्होंने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी को लिफ्ट में साथ चलने का इशारा किया। पहले से ही अंदर मौजूद कुछ लोगों को बाहर निकलने के लिए कहा गया। मुस्कुराते हुए उद्धव ठाकरे ने उनकी बात मानी और ग्राउंड फ्लोर से ऊपर की मंजिल पर चले गए जहां विधानसभा स्थित है। लिफ्ट से बाहर निकलने के बाद दोनों विपरीत दिशाओं में चले गए। बाद में जब मीडियाकर्मियों ने उद्धव ठाकरे से पूछा कि दोनों नेताओं ने किस बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि यह महज एक संयोग था और इससे ज्यादा कुछ नहीं। आपको बता दें कि भाजपा नेता



चंद्रकांत पाटिल शिवसेना (यूबीटी) के चैंबर में उद्धव ठाकरे, विपक्ष के नेता (विधान परिषद) अंबादास दानवे, पूर्व मंत्री अनिल परब और अन्य लोगों से मिलने पहुंचे। वहां खुशी का माहौल था। पाटिल ने चॉकलेट भी बांटी और परब को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं। आपको बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए एमएलसी चुनाव का परिणाम 1 जुलाई को आने की उम्मीद है। शिवसेना नेता भरत गोगावले ने हालांकि भाजपा और ठाकरे की शिवसेना के बीच किसी भी तरह की बातचीत की संभावना से इनकार किया। मानसून सत्र से पहले ठाकरे ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए इसे लीकेज सरकार बताया और कहा कि लोग जल्द ही इसे टाटा, बाय-बाय कहेंगे।

# कुलपतियों की नियुक्ति पर राजभवन और सुक्खू सरकार में ठनी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में पारित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्तियों के विधेयक को लेकर हिमाचल राजभवन और कांग्रेस की सुक्खू सरकार में ठन गई है। सूबे के कृषि मंत्री के हालिया बयान पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपत्ति जताई है। राज्यपाल ने गुरूवार को राजभवन में अचानक पत्रकार वार्ता बुलाई और कहा कि पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को लेकर कृषि मंत्री बार-बार बयान दे रहे हैं कि नियुक्ति सम्बंधी विधेयक मंजूरी के लिए राजभवन में अटका है, जबकि यह विधेयक राज्य सरकार के पास ही है। राजभवन ने इसे टिप्पणी के लिए राज्य सरकार को भेजा है, जिस पर सरकार ने फैसला लेना है, ऐसे में राजभवन पर दोषारोपण करना गलत है। इस मामले पर राज्यपाल शुक्ल बोले पद की गरिमा के खिलाफ़ कोई भी काम नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कुलपतियों की नियुक्ति पर विधान सभा में पारित सरकार के ही पास। कृषि मंत्री के बयान पर भी राज्यपाल ने आपत्ति जताई।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि कृषि मंत्री का यह भी बयान आया है कि राजभवन में राज्यपाल



के पास विधेयक को लेकर पत्रावली पड़ी है लिहाजा नियमित कुलपति की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि राजभवन की तरफ़ से इसमें कोई देरी नहीं हुई है। विधेयक में सरकार ने संशोधन कर कहा है कि सरकार की सहमति के आधार पर कुलपति की नियुक्ति की जाए क्योंकि पैसा सरकार देती है इसलिए जो नाम सरकार भेजे उसे ही राज्यपाल अपनी सहमति दें जबकि नियमों में ऐसा नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि नियमों के मुताबिक यूजीसी, राज्यपाल और सरकार तीनों के प्रतिनिधि की सहमति से कुलपति की नियुक्ति होती है। ऐसा देश में किसी भी राज्य में कोई प्रावधान नहीं है हिमाचल में ही पहली बार ऐसा होगा। ऐसी स्थिति में विधेयक पहली बार राष्ट्रपति को भेजने पर राजभवन विचार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि राजभवन ने कुलपतियों की नियुक्ति के लिए पुराने नियमों के अनुसार ही कमेटी का गठन किया है जो कुलपति को खोजने का काम कर रही है लेकिन एक साल से कुलपति खोज नहीं सकी है।

कुलपति की नियुक्ति न होने में राजभवन का कोई दोष नहीं है। मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। राज्यपाल ने कहा कि मैं नियम के विरुद्ध कोई भी काम नहीं करूंगा, राज्यपाल के पद की गरिमा बनाए रखने के लिए कुछ भी करूंगा। यह विधेयक सरकार के पास ही है और सरकार को ही उसमें निर्णय लेना है। वहीं राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बिगड़ती कानून व्यवस्था के सवाल पर कहा कि कानून व्यवस्था बहुत बिगड़ गई है। ऐसा नही कह सकते लेकिन शांत प्रदेश में अगर कुछ भी घटना होती है तो प्रदेश की बदनामी होती है ऐसे में सरकार को इसकी चिंता होनी चाहिए। वहीं राज्यपाल ने ट्राइबल एरिया में भूमिहीनों को नौतोड़ भूमि देने को लेकर कहा कि राजभवन को नौतोड़ भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं हैं। राजभवन ने इसमें सरकार से लाभार्थियों की संख्या पूछी है जैसे ही जवाब मिलेगा राजभवन इसे भी मंजूरी दे देगा।

टी-20 वर्ल्डकप

## रोहित-सूर्या का तूफान... फिर गेंदबाजों का कहर

# भारत के आगे इंग्लैंड का सरेंडर





**गुयाना, एजेंसी।** टीम इंडिया ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है. 27 जून (गुरुवार) को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से हरा दिया. सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 172 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 16.4 ओवर्स में 103 रनों पर ढेर हो गई. अब फाइनल मैच में भारत का सामना साउथ अफ्रीका से होगा. बता दें कि साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. फाइनल मुकाबला 29 जून को ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में खेला जाएगा.

भारतीय टीम तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है. इससे पहले उसने 2007 और 2014 के संस्करण के भी फाइनल में जगह बनाई थी. 2007 के संस्करण में तो भारतीय टीम खिताब जीतने में भी कामयाब रही थी. अब भारत के पास दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने का मौका है. यदि भारतीय टीम खिताब जीतती है तो 11 सालों का सूखा भी खत्म हो जाएगा. भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में आईसीसी खिताब जीता था. तब महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था.

सेमीफाइनल मुकाबले में टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय स्पिनर्स के सामने बेबस नजर आए. चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की धांसू गेंदबाजी ने अंग्रेजों के होश उड़ा दिए. इंग्लैंड की ओर से केवल हैरी ब्रूक (25 रन), जोस बटलर (23 रन), जोफ्रा आर्चर (21 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (11 रन) ही दोहरे अंकों तक पहुंच सके. भारत के लिए कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए. वहीं जसप्रीत बुमराह को दो विकेट हासिल हुए. जबकि इंग्लैंड के दो खिलाड़ी रन आउट हुए.

### सूर्या-रोहित ने भारत को संकट से निकाला

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 171 रन बनाए थे. मैच में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही. भारत ने पावरप्ले में ही दो विकेट खो दिए. पहले विराट कोहली (9) को रीस टॉप्ली ने बोल्ड किया. फिर ऋषभ पंत (4) को सैम करन ने पवेलियन भेज दिया. 40 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला. रोहित-सूर्यकुमार के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी हुई. इस साझेदारी के चलते ही भारतीय टीम अच्छे स्कोर तक पहुंचने में सफल रही.

रोहित शर्मा ने 39 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल रहे.

### भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप सीजन में सर्वाधिक विकेट

15- अर्शदीप सिंह (2024)
13- जसप्रीत बुमराह (2024)
12- आरपी सिंह (2007)
11- रविचंद्रन अश्विन (2014)

### टी20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत का अंतर

90 रन VS इंग्लैंड, कोलंबो, 2012
73 रन VS ऑस्ट्रेलिया, मीरपुर, 2014
71 रन VSजिम्बाब्वे, मेलबर्न, 2022
68 रन VS इंग्लैंड, प्रोविडेंस, 2024
66 रन VSअफगानिस्तान, अबु धाबी, 2021

### टी20 वर्ल्ड कप नॉकआउट में सबसे बड़ी जीत (रनों के आधार पर)

74 रन- वेस्टइंडीज VS ऑस्ट्रेलिया, कोलंबो आरपीएस, 2012 सेमीफाइनल
68 रन- भारत 1ह्य इंग्लैंड, प्रोविडेंस, 2024 सेमीफाइनल
57 रन- श्रीलंका 1ह्य वेस्टइंडीज, द ओवल, 2009 सेमीफाइनल
36 रन- वेस्टइंडीज 1ह्य श्रीलंका, कोलंबो, 2012 फाइनल

### टी20 में भारत की सबसे लंबी जीत का सिलसिला

12- नवंबर 2021 से फरवरी 2022
11*- दिसंबर 2023 से जून 2024
9- जनवरी 2020 से दिसंबर 2020

### टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट

31- आदिल राशिद (इकोनॉमी-6.9)
31- क्रिस जॉर्डन (इकोनॉमी-8.06)
30- स्टुअर्ट ब्रॉड (इकोनॉमी- 7.72)
22- ग्रीम स्वान (इकोनॉमी- 6.5

### टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सर्वाधिक जीत

8*- साउथ अफ्रीका (2024)
7*- भारत (2024)
6- श्रीलंका (2009)
6- ऑस्ट्रेलिया (2010)
6- ऑस्ट्रेलिया (2021)

## विराट कोहली ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिए बचाकर रखा है



मैच के बाद प्रेंजेटेर द्वारा विराट की फॉर्म को लेकर सवाल पूछे जाने पर कप्तान रोहित ने कहा- कोहली एक क्वालिटी प्लेयर हैं। कोई भी खिलाड़ी इस दौर से गुजर सकता है। हम उनकी क्लास को समझते हैं और हम इन सभी बड़े मैच में उनके महत्व को समझते और जानते हैं। फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही है। जब आपने 15 साल तक क्रिकेट खेला हो तो फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। वह अच्छे दिख रहे हैं। उनके इरादे वही हैं। वह शायद फाइनल के अपना सर्वश्रेष्ठ बचा कर रख रहे हैं। हम फाइनल के लिए बिल्कुल कोहली का समर्थन करेंगे।

### हमें फाइनल में भी शांत रहना होगा

रोहित ने कहा- हम एक टीम के रूप में बहुत शांत रहे हैं। हम इस अंतिम अवसर को समझते हैं। यह एक बड़ा अवसर है। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम शांत रहें। संयमित रहने से आपको अच्छे निर्णय लेने में मदद मिलती है और इसकी आवश्यकता होगी। हमें पूरे 40 ओवरों में अच्छे निर्णय लेते रहना होगा।

इससे हमें खेल को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मैच में भी हम बहुत स्थिर और शांत थे। हम ज्यादा नहीं घबराए और यही हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा। आपको अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी और फाइनल में भी हम यही करना चाहते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, मैं बस इतना ही कह सकता हूं। टीम अच्छी स्थिति में है, अच्छा खेल रही है। मैं बस यही उम्मीद कर सकता हूं कि फाइनल में एक और अच्छा प्रदर्शन करूं।

## भारतीय एथलीट किरण पहल ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 400 मीटर वर्ग में हासिल किया कोटा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकेंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिकके लिए क्वालिफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालिफाइंग मार्क 50.95 सेकेंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रहीं।



यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकेंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत

चेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत हासिल कर विजयी शुरुआत की। गुकेश ने रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराया। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

बोगडान-डैनियल ने निम्जो इंडियन डिफेंस चाल से शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था, लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

### प्रज्ञानंद को अब्दुसात्तोरोव से मिली चुनौती

इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञानंद ने कड़ी मेहनत की, लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

## टेनिस स्टार एंडी मरे ने किया रिटायरमेंट का ऐलान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। ब्रिटेन का ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से लगातार चोटिल हो रहा है। एंडी मरे ने बता दिया है कि वह अपने करियर का आखिरी मैच कब खेलेंगे। इसके अलावा एंडी मरे ने आगामी विंबलडन 2024 में खेलने का फैसला भी लिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वह यूएस ओपन 2024 में भाग नहीं लेंगे।

37 साल के एंडी मरे पिछले सप्ताह पीठ की सर्जरी से गुजरे थे। लेकिन उन्होंने फैसला लिया है कि 1 जुलाई से शुरू होने वाले सीजन के तीसरे ग्रैंड स्लैम में वह खेलने उतरेंगे। पूर्व नंबर 1 ने एंडी मरे ने इसी के साथ ये भी ऐलान किया कि वह पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद संन्यास ले लेंगे। बता दें, तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह 2024 सीजन से आगे पेशेवर रूप से नहीं खेलेंगे।

### एंडी मरे ने दिया ये बड़ा बयान

एंडी मरे ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस निर्णय को लेने के लिए आखिरी क्षण तक इंतजार करने का अवसर पाने का हकदार हूं। मैंने अपनी टीम के साथ जो भी चर्चा और बातचीत की है, उसमें मैंने यही तय किया है कि मैं इस गर्मी के बाद नहीं खेलूंगा। जाहिर है कि मैंने अपने परिवार के साथ इस बारे में बातचीत की है, और मैंने ओलंपिक के बाद एक सप्ताह के लिए पारिवारिक अवकाश बुक कर लिया है।

## इंग्लैंड दौरे के लिए विंडीज टीम घोषित



**सेंट जॉन्स, एजेंसी।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इंग्लैंड में 10 जुलाई, 2024 से लॉर्ड्स में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है-इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने की चोट से रोच के पुनर्वास के कारण केमर रोच की जगह सेंट किट्स एंड नेविस के तेज गेंदबाज जेरेमिया लुइस को लिया गया है।

मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि अंग्रेजी परिस्थितियों में केमर के कौशल और अनुभव को याद किया जाएगा। उनके पास निश्चित रूप से इंग्लैंड में प्रभाव डालने का कौशल और अनुभव है। रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला, जिसका नाम वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचर्ड्स और इंग्लैंड के महान लॉर्ड इयान बॉथम के नाम पर रखा गया है, 1928 से चली आ रही एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है, जब वेस्टइंडीज ने पहली बार इंग्लैंड का दौरा किया था। टीम टोनब्रिज स्कूल में एक प्रशिक्षण शिविर में है और 4 जुलाई से बेकेनहैम में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज इसाई थॉर्न टीम में शामिल होंगे।

**वेस्टइंडीज टेस्ट टीम:** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज़े, जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, ज़ाचरी मैकास्की, किर्क मैकेंज़ी, गुडाकेश मोती, जेरेमिया लुइस, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, और इसाई थॉर्न (डेवलपमेंट प्लेयर)।

## लंदन में होगा वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन, एफआईडीई के अध्यक्ष ने की पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे।



एफआईडीई के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने बयान में कहा, इस प्रतियोगिता के पहले सत्र को मिली अपार सफलता के बाद हम शतरंज का दुनिया भर में विस्तार करने और शतरंज प्रेमियों को नया अनुभव दिलाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे, जिनमें दो शीर्ष महिला खिलाड़ी और एक उभरता हुआ खिलाड़ी शामिल हैं। प्रत्येक टीम डबल राउंड रोबिन प्रारूप में कुल 10 मैच खेलेगी। विजेता का फैसला बेस्ट ऑफ सिक्स बोर्ड स्कोरिंग प्रणाली से किया जाएगा।

# मीराबाई का लक्ष्य अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाने का

Paris Olympics



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है।

पिछले तीन साल (टोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं। मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा, मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है।

मीराबाई ने कहा, मैंने चोटिल होने के बाद काफी कुछ सीखा है। उससे निपटने और उबरने के साथ सही खान-पान और विश्राम पर ध्यान देना काफी जरूरी होता है। मीराबाई ओलंपिक की तैयारियों को दुरुस्त करने सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनकी स्पर्धा का आयोजन सात अगस्त को होगा। मीराबाई ने कहा, मैं सात जुलाई को पेरिस जा रही हूं। प्रतियोगिता से एक महीने पहले वहां पहुंचने से काफी फायदा मिलेगा।

# डाकघर एवं लोक सेवा केन्द्रों पर भी बनवाए जा सकते हैं नवीन आधार कार्ड

**पन्ना।** पन्ना जिले में डाकघर सहित लोकसेवा केन्द्रों पर 18 प्लस व्यक्तियों के नवीन आधार कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। नवीन आधार पंजीयन एवं 5 और 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की सेवा आधार केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है, जबकि दस्तावेज अपडेशन के तहत नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, पता, लिंग, मोबाइल नंबर एवं डेमोग्राफिक अपडेट इत्यादि के लिए 50 रूपए तथा किसी भी डेमोग्राफिक अपडेट के साथ फोटो अपडेट सहित बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 100 रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। निर्धारित रेट लिस्ट के अतिरिक्त शुल्क लिए जाने वाले आधार सुपरवाइजर को ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार द्वारा गत दिवस जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक के दौरान आम नागरिकों को सुलभ तरीके से आधार पंजीयन अथवा अपडेशन के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए थे, जिसके तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन की संख्या कम होने के दृष्टिगत शिशु के जन्म के समय अस्पताल व आंगनवाड़ी में दर्ज समस्त बच्चों के पंजीयन के संबंध में वांछित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तरह लीड बैंक प्रबंधक को बैंक के द्वारा संचालित समस्त आधार केन्द्रों की जानकारी व प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही जिला नोडल अधिकारी आधार को 18 प्लस आयु के नवीन आधार पंजीयन के निवास सत्यापन संबंधी कार्य तहसीलदार के माध्यम से कराने सहित आधार संबंधी अन्य व्यवस्थाएं सुचिंहित कराने के निर्देश दिए गए। आधार सुपरवाइजर द्वारा अनुबंध शर्तों के उल्लंघन पर आधार मशीन जप्ती की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया।

जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी ने बताया कि जिले में वर्ष 2011 की 10 लाख 17 हजार जनसंख्या के विरूद्ध अब तक 11 लाख 90 हजार 604 आधार कार्ड बनाए गए हैं। 18 प्लस आयु के 72.52 प्रतिशत नागरिकों के आधार कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि 5 से 18 वर्ष आयु के 24.79 प्रतिशत तथा शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2.69 प्रतिशत आधार कार्ड बनाए गए हैं।

# छोटे दुकानदारो को नगर पालिका ने दो दिन के अन्दर हटाने का फरमान किया जारी



**पन्ना।** नगर के छोटे दुकानदार जो चाय, समोसा, फल तथा अन्य छोटे छोटे धंधा करने वाले अपने परिवार का भरण पोशण करते है, तथा वार्ड नम्बर 13 एवं 23 के निवासी जगात चौकी चौराहे पर दुकाने संचालित करते है। उन्हे नगर पालिका द्वारा भरी वर्षात मे दो दिन के अन्दर हटाने का फरमान जारी किया गया है। उक्त दुकानदारो ने जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक तथा तहसीलदार को आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है तथा कहा है कि हम लोग अस्थाई रूप से अपने परिवार के उदर पोषण के लिए छोटी छोटी दुकाने संचालित कर परिवार पालन करते है। लेकिन नगर पालिका के अल्टीमेटम से परेशान नगर पालिका मे स्पीकर से ऐलाउन्स कराकर दो दिन के अन्दर हटने का फरमान जारी किया है। दुकानदारो ने बताया कि नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन दुकानदारो से दस रूपये बजार बैठकी लिया जाता है तथा कुछ दुकानदारो से तीन सौ रूपये मासिक भी लिया जाता है। इसके बावजूद इस प्रकार से परेशान किया जा रहा है। आंगे देखना है गरीबो के साथ न्याय होता है या नही।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचायें

**पन्ना।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जनसमुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

## बचाव के दिशा-निर्देशों का करें पालन

सुरक्षित संरचना, घर, कार्यस्थल पर सुरक्षात्मक अपनाये बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

# सुशील वैभव, वीणा खरे हरिद्वार में हुए सम्मानित



**पन्ना।** विगत दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर आर डी काव्य कुल एवं साहित्य हमारी पहचान के संयुक्त तत्वाधान में हरिद्वार उत्तराखंड में भव्य साहित्य महाकुंभ एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से लगभग 60 कवि, साहित्यकारों ने सहभागिता की उक्त कार्यक्रम में पन्ना के कवि साहित्यकार सुशील वैभव एवं श्रीमती वीणा खरे को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र आदि से सम्मानित किया गया संस्था अध्यक्ष रंजीत शर्मा रंग आगरा, मनोज भगवा बड़ी पंजाब, देवनारायण शर्मा आगरा ग्राफिक स्वामी इगलास, केवल कुमार केवल जम्मू कश्मीर आदि ने सुशील वैभव एवं वीणा खरे को बधाई एवं शुभकामनाये दी। सम्मानित होकर पन्ना लौटने पर पंडित उमादेव उपाध्याय, एस कुमार चनपुरिया, डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव, सुरेश सौरभ, मनीष मिश्रा एवं राकेश शर्मा ने सुशील वैभव एवं वीणा खरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# वनरक्षक भर्ती के लिए आयोजित दौड़ के दौरान मोटरसाइकिल से दौड़ मे भाग ले रहा पकड़ा गया प्रतिभागी

पन्ना

वन विभाग द्वारा वन रक्षको की भर्ती के लिए दौड़ आयोजित की गई थी। जिसमें अनेक प्रतिभागी शामिल हुए थें। कई जिलो से दोड़ मे भाग लेने के लिए प्रतिभागी आये हुए थें तथा वह विभाग द्वारा निधारित मापदण्ड के अनुसार दोड़ करने के लिए शामिल हुए थें। लेकिन कुछ चालाक प्रतिभागियों द्वारा मोटर साईकिल से दौड़ करके परीक्षा मे प्रतिभागी को मोटरसाइकिल में बैठकर दौड़ पूरी करते हुए पकड़ा है। मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह पन्ना कोतवाली अंतर्गत ग्राम मनौर से कैमासन तिराहा मझगवां तक के लिए दौड़ आयोजित की गई थी जिसमें राजकुमार वर्मा चेस्ट नंबर 17 मोटरसाइकिल पर बैठकर दौड़ पूरी करने के प्रयास में अपने साथी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 एमजे 4612 पर बैठकर दौड़ पूरी कर रहा था जिसे उत्तर वन मंडल के उपवन मंडल अधिकारी विश्रामगंज दिनेश गौर एवं अन्य वनकर्मियों के द्वारा पकड़ लिया गया। इस संबंध में जब श्री गौर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित प्रतिभागी को उक्त प्रतियोगिता से प्रतिबंधित कर दिया गया है। बताया जाता है कि उक्त मामले मे प्रतिभागी परीक्षा मे शामिल कुछ अधिकारी कर्मचारीयो की भूमिका भी संदिग्ध है। इसके पूर्व विगत वर्ष भी इसी प्रकार का फर्जीवाडा हुआ था। जिसके कारण भिंड मुरैना क्षेत्र के प्रतिभागी अधिक चयनित हुए थें। इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिएं तथा जो भी शामिल हो उनके खिलाफ कडी कार्यवाही होनी चाहिए।



# भाजपा निकालेगी सांसद की मतदाता आभार यात्रा



**पन्ना।** विगत महिना लोकसभा चुनाव संपन्न हुए जिसमें खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से वीडी शर्मा सांसद निर्वाचित हुए, जिले की जनता का भारी समर्थन प्राप्त होने पर जिला भाजपा द्वारा आभार यात्रा निकाली जायेगी। उक्त संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने गुनौर जनपद पंचायत कार्यालय सभागार मे कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए बताया कि उक्त यात्रा 29 जून से प्रारंभ होगी। जो गुनौर विधानसभा के विभिन्न तहसील स्तर कस्बा एवं ग्रामो का भ्रमण करते हुए आभार प्रदर्शन करेगी तथा 30 जून को पवई क्षेत्र का भ्रमण करेगी, उक्त बैठक मे भाजपा के मंडल अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारी शिमल रहें।

# पंजीकृत श्रमिकों के लिये 2 नई योजनायें प्रारंभ

पन्ना

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिये 2 नई योजनाऐं प्रारंभ की गई है। पहली भवन एवं अन्य संनिर्माण दिव्यांग सहायता अनुदान योजना एवं दूसरी भवन एवं अन्य संनिर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना। पंजीकृत श्रमिकों को ई-स्कूटर की खरीदी के लिये क्रय मूल्य का 50 प्रतिशत (जो कि अधिकतम 40 हजार रूपये होगा) की सहायता दी जायेगी। जबकि दिव्यांगजन श्रमिकों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों की दिव्यांगता की स्थिति में मोटर चलित तीन पहिया साइकल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि (जो कि अधिकतम 35 हजार रूपये होगी) प्रदान की जायेगी। इसके लिये श्रम विभाग द्वारा 14 जून 2024 को राजपत्र में प्रकाशन किया गया है।

योजना की शर्तों के अनुसार दिव्यांग श्रमिक के पास 40 प्रतिशत दिव्यांगता का यूडीआईडी स्थाई कार्ड होना चाहिये, जो कि 1 अप्रैल 2023 या इसके पश्चात् बना हो। मोटर चलित साईकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण आर्टिफिशियल लिम्ब्स मेनुफेक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा निर्मित होने चाहिये। पंजीकृत श्रमिक एवं उसके परिवार के एक सदस्य को सिर्फ एक बार इस योजना का लाभ मिलेगा। कर्मकार कल्याण मण्डल के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने पर इस योजना का लाभ 30 दिन के अंदर मिलेगा। ई-स्कूटर के लिये निर्माण श्रमिक का पंजीयन 5 साल पुराना होना अनिवार्य होगा। ई-स्कूटर के आरटीओ में रजिस्ट्रेशन का खर्चा आवेदक श्रमिक को ही उठाना होगा। क्रय करने के बाद कर्मकार मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन करना होगा। जिसमें क्रय बिल, रजिस्ट्रेशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस अपलोड करना होगा। 10 दिन के अंदर डीबीटी के तहत अनुदान राशि आवेदक के बैंक खाते में भेजी जायेगी।

एक वित्त वर्ष में एक हजार श्रमिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा तथा इसमें 60 ई-स्कूटर दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रहेंगे। शेष आवेदकों को अगले वित्त वर्ष में योजना का लाभ दिया जायेगा। उक्त दोनो योजनाओं में क्रय के बाद गोटर चलित साईकिल एवं ई-स्कूटर 03 वर्ष तक बेची नही जा सकेगी तथा उस पर अनिवार्य रूप से लिखना होगा कि कर्मकार कल्याण मण्डल के अनुदान से क्रय किया गया है। उक्त योजनाओं के लिये पदाभिहीत अधिकारी सहायक श्रमायुक्त, श्रम पदाधिकारी, सहायक श्रम पदाधिकारी को नियुक्त किया गया है। योजना के लिये आवेदन जिला श्रम कार्यालय में किया जाएगा।

## दो फरार स्थाई वारन्टियों को बृजपुर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना।** विभिन्न अपराधो मे लिप्त रहें दो फरार स्थाई वारन्टीयों को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी बृजपुर भानु प्रताप सिंह ने गिरफ्तार किया है। जिसमें असलम पिता रहमत उल्ला खान धारा 379 के मामले मे फरार था तथा प्रेम लाल उर्फ पिरिया पिता कमली गौड़ को वन प्राणी अधिनियम में फरार था। जिसे गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में साईबर सेल से अनिल राजपूत, प्रधान आरक्षक राजेश, रामनिरंजन, पुंनीत शर्मा, सुधीर, तेजू, मुनेन्द्र, बबलू, दिनेश शोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध काष्ठ की रोकथाम के लिए होगी गस्ती

पन्ना

सामान्य वनमंडल उत्तर पन्ना कार्यालय द्वारा अवैध काष्ठ की रोकथाम के लिए टीम की नियमित गस्ती के बारे में अवगत कराया गया है। वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार ने बताया कि आगामी एक जुलाई से अवैध काष्ठ के उपयोग की रोकथाम के लिए उत्तर वन मंडल पन्ना के स्टॉफ द्वारा पन्ना शहर में नियमित रूप से गस्ती शुरू की जाएगी। इस संबंध में सर्वसंबंधितों से भवन निर्माण में प्रयोग होने वाली काष्ठ जैसे चौखट, पल्ले, दरवाजा इत्यादि के क्रय से संबंधी बिल गस्ती दल को उपलब्ध कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए कहा गया है।

## जिले में 59 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में इस वर्ष एक जून से 27 जून तक 59 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष उक्त अवधि में 51 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 53.7 मिमी, देवेन्द्रनगर में 7.2 मिमी, गुनौर में 30.8 मिमी, अमानगंज में 39.2 मिमी, पवई में 45 मिमी, सिमरिया में 100.7 मिमी, शाहनगर में 69.7 मिमी, रैपुरा में 94.1 मिमी और अजयगढ़ में 91 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## सलेहा क्षेत्र मे वर्षो से चल रहे बिना नम्बर के वाहन

**पन्ना।** जिले मे परिवहन विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा अवैध रूप से सैकड़ो वाहन चल रहें है जिन पर कार्यवाही नही की जा रही है। गुनौर तहसील अन्तर्गत सलेहा कस्वा मुख्यालय में चौमुख नाथ, मिनरल वाटर प्लांट का पानी सप्लाई करने वाले छोटा हाथी मे दो वर्ष से नम्बर नही डला है तथा उक्त वाहन बिना किसी रोकटोक के चल रहा है। जो पानी का प्लांट संचालित किया जा रहा है। वह भी अवैधानिक है। स्थानीय लोगो ने संबंधितो पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# मैहर के शूटर हेमंत शुक्ला ने दिनदहाड़े नागपुर के फोटोग्राफर को उतारा था मौत के घाट

## महाराष्ट्र पुलिस ने लुधियाना से किया गिरफ्तार

सतना

चार महीने पहले नागपुर में फोटोग्राफर की गोली मारकर हत्या का आरोपी पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया है, जिसका संबंध मैहर जिले के नकतरा गांव से है, उस तक पहुंचने के लिए महाराष्ट्र पुलिस ने परिजनों पर नजर रखने के साथ दो भाइयों से भी पूछताछ की थी। गौरतलब है कि नकतरा निवासी हेमंत पुत्र रामनरेश शुक्ला काफी सालों से नागपुर में प्रेमिका साक्षी ग्रोवर के साथ रह रहा था। इस बीच मॉडलिंग के शौक के चलते साक्षी का सम्पर्क प्रेस व फैशन फोटोग्राफर विनय पुणेकर उर्फ बब्लू सैमुअल (54) निवासी राजनगर, से हो गया। विनय पहले प्रेस में काम करता था, अब वो फैशन फोटोग्राफी के क्षेत्र में आ गया। इसी बीच आरोपी हेमंत को प्रेमिका के साथ विनय के अवैध संबंधों पर शक हो गया, जिस पर 23 फरवरी 2024 को विनय के घर में घुसकर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। जांच में आरोपी का नाम सामने आने पर जब पुलिस ने प्रेमिका को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि घटना से कुछ देर पहले वह हेमंत को विनय के पास छोड़कर आ गई थी।

दिनदहाड़े हुई हत्या की जांच में जुटी नागपुर की सदर थाना पुलिस ने तमाम जगह हाथ-पैर मारे, मगर आरोपी पकड़ में नहीं आया। अंततः साइबर सेल की मदद से आरोपी के परिजनों और रिश्तेदारों का पता चला, जिन पर निगरानी रखते हुए कुछ दिन पूर्व एक टीम ने मैहर पहुंचकर हेमंत के दो भाइयों को हिरासत में ले लिया, तो भोपाल में भी कुछ रिश्तेदारों से लंबी पूछताछ की। तब जाकर खबर लगी कि आरोपी लुधियाना में छिपा हुआ है। इस सुराग पर पुलिस की टीम तुरंत पंजाब रवाना हुई और 26 जून को लुधियाना से आरोपी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया, जिसे गुरुवार शाम को नागपुर लाया गया।

# अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवा स्वरोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**पन्ना।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार योजनाएं संचालित की गई हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति पन्ना के माध्यम से इन योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है। जिला संयोजक एवं समिति के कार्यपालन अधिकारी आर.के. सतनामी ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवेदकों द्वारा व्यवसाय, सेवा व उद्योग (विनिर्माण) के लिए 10 हजार रूपए से 1 लाख रूपए तक की परियोजना लागत की इकाईयों के लिए ऋण प्राप्त किया जा सकता है। हितग्राहियों को बैंक द्वारा 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान भी प्रदान किया जाता है। ब्याज अनुदान की राशि वार्षिक आधार पर प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाती है। जिले के मूल निवासी एवं अनुसूचित जाति वर्ग के इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेज के साथ योजना के लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक के पास जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी एवं पैन कार्ड होना आवश्यक है। साथ ही पासपोर्ट साइज की एक फोटो के साथ आवेदन में संबंधित व्यवसाय का कोटेशन संलग्न करना भी अनिवार्य है। आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आयकरदाता एवं पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर होने तथा वर्तमान में केन्द्र या राज्य सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही होने पर आवेदक को डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसी तरह 18 से 45 वर्ष आयु एवं न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण शिक्षित बेरोजगार युवक संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के लिए भी जिले का मूल निवासी एवं अनुसूचित जाति वर्ग का होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक के पास सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी और पैन कार्ड होना भी जरूरी है। पासपोर्ट साईज फोटो एवं संबंधित व्यवसाय के कोटेशन के साथ इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लिए आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर होने अथवा केन्द्र व राज्य सरकार की अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही होने पर इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदकों को उद्योग (विनिर्माण) के लिए 1 से 50 लाख रूपए तक की परियोजनाओं व व्यवसाय स्थापना तथा सेवा परियोजना के लिए 1 से 25 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अधिकतम 7 वर्ष तक 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान भी मिलेगा। उक्त दोनों योजनाओं के लिए आवेदक की जन्मतिथि और नाम आधार कार्ड एवं अंकसूची में एक समान होना जरूरी है। आवेदकों को एमपी ऑनलाइन के माध्यम से शीघ्र आवेदन करने के संबंध में सूचित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अंत्यावसायी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। अनुसूचित जाति वर्ग की बेरोजगार महिलाओं के लिए म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से सावित्री बाई फुले स्वसहायता समूह योजना संचालित है। अनुसूचित जाति वर्ग की 18 से 55 वर्ष आयु की जिले की मूल निवासी बेरोजगार महिलाएं योजना के लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगी।

पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर होने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदिका के पास जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित आधार कार्ड, बीपीएल का राशन कार्ड और परिचय पत्र होना जरूरी है। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उद्योग, सेवा व्यवसाय में स्वसहायता समूह के तहत प्रति सदस्य 2 लाख रूपए तक के ऋण प्रकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 29 जून 2024 | 8


कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी।



# नियमित सुनवाई कर तीन माह से एक साल तक के सभी राजस्व प्रकरण निराकृत करें

## सभी एसडीएम गौशालाओं के संचालन की कड़ी निगरानी रखें : कलेक्टर

### सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी अब इलेक्शन मोड से बाहर आकर अपने मूल कार्य पर ध्यान दें। राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके तीन माह से एक साल तक के लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। निरीक्षण के दौरान यदि एक भी प्रकरण पोर्टल में दर्ज नहीं पाया गया तो कड़ी कार्यवाही होगी। फसल की बोनी से पहले अभियान चलाकर सीमांकन के लंबित प्रकरण निराकृत करें। सभी निराकृत प्रकरण पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में आरसीएमएस पोर्टल में निर्धारित समय सीमा का अनिवार्य रूप से पालन करें। तय समय सीमा के बाद प्रकरण लंबित रहने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करके कानून और व्यवस्था की निगरानी करें। साथ ही उचित मूल्य दुकानों, स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल तथा अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र की गौशालाओं का शत-प्रतिशत संचालन कराकर उनमें क्षमता के अनुसार गौवंशों को रखने की व्यवस्था करें। गौशालाओं के संचालन की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व प्रकरणों में वांछित रिपोर्ट दर्ज कराना भी सुनिश्चित करें। पीएम किसान सम्मान निधि के हर पात्र किसान के आवेदन की कमी दूर कराकर उन्हें योजना से लाभान्वित कराएं। इस योजना के लंबित आवेदन सात दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। स्वामित्व योजना में जिन गांवों में ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। उनके नक्शों की ग्राउण्ड ट्रूथिंग करके प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण कर पात्र व्यक्तियों को भू अधिकार पत्रों का वितरण कराएं। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख इसके लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करें। साथ ही साइबर तहसील के संबंध में सभी तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों को प्रशिक्षण दें। डिजिटल क्राप सर्वे के लिए हर गांव में सर्वेयर का पंजीयन करा दें। इनके द्वारा ही खसरेवार फसल की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। डायवर्सन तथा भू राजस्व की तत्परता से वसूली करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के केस प्राथमिकता से निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी योजना के तहत दर्ज राजस्व प्रकरणों का भी तय समय सीमा में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में लंबित सीमांकन, निर्वाचन तथा सामान्य प्रशासन की शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। अधिक वर्षा की स्थिति में रीवा शहर की निचली बस्तियों तथा त्योंथर क्षेत्र में लगभग सौ गांवों में बाढ़ का खतरा हो जाता है। बाढ़ से राहत और बचाव कार्यों की अभी से तैयारी कर लें।

## लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के सभी अभ्यर्थियों की व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक 29 जून को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि बैठक में अपनी उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 3 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 3 जुलाई को

**रीवा।** कलेक्टर एवं चेयर पर्सन श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 3 जुलाई को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने चार बीएलओ को किया सम्मानित



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने चार बीएलओ को सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले चार बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने बताया कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 16 फुलदेउर में 77.19 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ पंचराज सिंह के मतदान केन्द्र क्रमांक 244 महदेवा में 81.45 प्रतिशत मतदान हुआ। रीवा विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ आयुष कुमार पाण्डेय के मतदान केन्द्र क्रमांक 165 में 75.47 प्रतिशत तथा बीएलओ अमित कुमार गौतम के मतदान केन्द्र क्रमांक 134 में 75 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करके 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने पर बीएलओ को सम्मानित किया गया है।

## हनुमना, जवा और त्योंथर में प्राधिकृत अधिकारी तैनात

रीवा

आमजनता के आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण करने तथा वांछित सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराने के लिए समाधान एक दिन योजना लागू है। इस योजना में आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए रोस्टर के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी लोक सेवा केन्द्रों में तैनात किए गए हैं। इनके साथ-साथ लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि हनुमना विकासखण्ड के लोक सेवा केन्द्र में सोमवार को नायब तहसीलदार हनुमना, मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना, बुधवार को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास हनुमना, गुरूवार को बीआरसी हनुमना, शुक्रवार को सीएमओ हनुमना तथा शनिवार को बीईओ हनुमना को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि जवा लोक सेवा केन्द्र में सोमवार को नायब तहसीलदार जवा, मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा, बुधवार को परिक्षेत्र अधिकारी अतरैला, गुरूवार को बीआरसी जवा, शुक्रवार को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जवा तथा शनिवार को बीईओ जवा को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। त्योंथर लोक सेवा केन्द्र के लिए सोमवार को नायब तहसीलदार चाकघाट तहसील त्योंथर, मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर, बुधवार को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास त्योंथर, गुरूवार को बीआरसी त्योंथर, शुक्रवार को सीएमओ त्योंथर तथा शनिवार को बीईओ त्योंथर को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है।

## नि:शुल्क महिला कैंसर शिविर आज, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी तथा नेशनल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क महिला कैंसर शिविर आज 29 जून को शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपरान्ह 2 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, चेयरमैन रेडक्रास तथा अध्यक्ष के तौर पर प्राचार्य जीडीसी डॉ. विभा पटेल उपस्थित रहेंगे।

## जन अभियान परिषद समाज व शासन के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी है : पाण्डेय

**रीवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यपालन निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडे द्वारा संभाग में चल रहे परिषद के सभी योजनाओं की प्रगति के संबंध में प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जिले में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी परिषद से जुड़े स्वयंसेवी कार्यकर्ता भविष्य में भी सभी सामाजिक विषयों से लगातार जुड़कर समाज



सेवा के इस प्रकल्प में अपना मूल्यवान योगदान करते रहे जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं सुलभता से पहुंच सके। मूल्यवान सहयोग से गांव में जो खुशहाली निर्मित होती है या किसी के जीवन में थोड़ा भी परिवर्तन आता है वह कहीं ना कहीं हम सभी को आत्मिक सुख की अनुभूति कराता है। डॉक्टर पांडे ने सभी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों से कहा कि हमें कड़ी मेहनत, लगन, निष्ठा, पारदर्शिता और चरित्रवान होकर काम करने की जरूरत है जिससे आने वाले समय में परिषद को उन ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके जिन ऊंचाई पर राज्य शासन हमसे अपेक्षा रखता है। संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक द्वारा समीक्षा बैठक की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। संभागान्तर्गत जिलों से आए जिला समन्वयकों द्वारा अपने जिले का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किए जा रहे सामुदायिक कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के उपरांत सभी विकासखंड के विकासखंड समन्वयकों द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के अनुभव कथन कार्यपालक निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक सीधी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा बैठक का संचालन जिला समन्वयक सतना डॉ. राजेश तिवारी द्वारा किया गया।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की विकास कार्यों की समीक्षा

### कलेक्टर क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की मॉनीटरिंग करें : कंसोटिया

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें। कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की मॉनीटरिंग करें। उचित मूल्य दुकानों, स्कूल, आँगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल तथा अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की हर सप्ताह समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आगामी फसल के लिए कृषि आदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद वितरण की कलेक्टर कड़ी निगरानी करें।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षारोपण का अभियान चलाएं। आमजनता की भागीदारी से अधिक से अधिक पौधों के रोपण का प्रयास करें। रोपित पौधों की देखभाल और सुरक्षा की भी उचित व्यवस्था करें। हर शहर और बड़े कस्बों में जन सहयोग से स्मृति वन का निर्माण कराएं। इसमें आमजनों द्वारा उनके पूर्वजों की स्मृति में पौधे रोपित कराएं।

## सबके लिये समान न्याय के संबंध में जागरूक करने के निर्देश

**रीवा।** आगामी एक जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 प्रभावशील हो जायेगी। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद व तहसीलदार को निर्देश दिये हैं कि उक्त कानून के संबंध में आमजन को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु तहसील, ब्लाक एवं अनुभाग स्तर के सभी कर्मचारियों की संबंधित थानों में उपस्थित कराकर नये कानून के विषय में जाने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।

## केन्द्रीय जेल में वृहद वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता सम्पन्न




**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 5 जून से 15 अगस्त तक संचालित होने वाले पंच-ज-अभियान अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में वृहद वृक्षारोपण किया गया साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन हुआ। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री दिलीप सिंह जिला न्यायाधीश, श्री पन्ना नागेश जिला रजिस्ट्रार, श्री अभय कुमार मिश्रा जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री आनंद पाण्डेय डिप्टी चीफ लीगल एड. डिफेंस काउसेंल, श्रीमती आरती तिवारी तथा श्री अनीश पाण्डेय, श्री सतीश उपाध्याय, अधीक्षक केन्द्रीय जेल, श्री संजीव गेंदले उप अधीक्षक, श्री योगेन्द्र पवार उप अधीक्षक, श्री भीम सिंह बघेल एवं विधि छात्र-छात्रायें एवं बंदीगण द्वारा बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया।

## शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाली तम्बाकू, गुटके की दुकानों को हटाने की कार्यवाही करें

### नशीली दवाओं के अवैध भण्डारण एवं विक्री को रोकने की कारगर कार्यवाही करें

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में गत दिवस नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाली दूकानों, गोमतियों सहित स्थाई व अस्थाई तम्बाकू विक्री केन्द्रों को पुलिस विभाग के समन्वय से नगर निगम के अधिकारी हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने जिले में कोरेक्स के अवैध भण्डारण एवं विक्री को रोकने के लिये दूकानों में दबिश देकर कारगर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

बैठक में जिले में अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू किये जाने के संबंध में चर्चा की गई तथा कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्रों की निगरानी कर संबंधित खाताधारकों को नोटिस देकर कार्यवाही करें। नशामुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर सामाजिक संगठनों के समन्वय से नशामुक्ति केन्द्र में 40 वेड तथा संजय गांधी चिकित्सालय में 15 वेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश बैठक में दिये गये। जिले की मदिरा दूकानों को समय पर संचालित कराना सुनिश्चित कराने हेतु आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संवेदनशील एवं संदेहास्पद स्थानों की सूची तैयार कर नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त जनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान व नशे से लोगों को दूर रखने हेतु जागरूक किये जाने तथा इस कार्य में सामाजिक संगठनों से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई। नशामुक्त के विरूद्ध जन आंदोलन तैयार करने हेतु सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा नशा छोड़ चुके व्यक्तियों के वीडियो संदेश सोशल मीडिया में प्रसारित किये जाने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, डीएफओ अनुपम शर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एल्बम सांग सिस्टम हैं हम की विश्व ट्रेंडिंग चार्ट में धूम

**रीवा।** विंध्य की धरती प्रतिभाओं से भरी पड़ी है,यहाँ के युवा कला के क्षेत्र में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। 6 जून 2024 को सुबह 7 बजे शिवम पंडित के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर एक नया वीडियो सॉन्ग सिस्टम हैं हम रिलीज हुआ ही था की महज 24 घंटे के अंदर आ गया इंस्टाग्राम के विश्व ट्रेंडिंग चार्ट में और लगातार 18 दिन से ट्रेंडिंग में है जिस पर 5 हजार से अधिक रील बन चुकी है यह विंध्य के लिए अपने आप में गर्व का विषय है। जिसके मुख्य कलाकार हैं बघेली के जाने माने कलाकार अविनाश तिवारी,विंध्य के उभरते युवा कलाकार शिवम पंडित और अभिनेत्री शिवानी सिंह शिवन्या। इसके साथ ही भोजपुरी की जानी मानी गायिका शिल्पी राज और रीवा के चर्चित युवा गायक सत्यम तिवारी ने इस गीत को अपनी सुमधुर आवाज दी है। इस प्रोजेक्ट के निर्माता हैं युवा समाजसेवी दीपक मिश्रा बोस जो अपनी कुशल कार्यशैली के लिए चर्चित हैं और इसके निर्देशक हैं कान्हा मिश्रा जो युवा जोश के रूप में जाने जाते हैं। सिस्टम हैं हम एल्बम सांग के गीतकार हैं प्रकाश चौबे और संगीतकार हैं अभिराम पांडेय जिन्होंने अब तक अनेकों सुपरहिट भोजपुरी गानों को संगीत से सजाया है। इसके अलावा, कैमरा मैन के रूप में तथा एडिटिंग में अपना हुनर दिखाया है इरशाद अरब ने। इस एल्बम सांग का डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन विंध्या सीरीज कंपनी द्वारा 200 से अधिक प्लेटफार्मों में रिलीज किया गया है। इस गाने में




खाशियत है की यह न केवल अपने आधुनिक संगीत और वात्सल्यपूर्ण बोलों के लिए जाना जा रहा है, बल्कि मुख्य युवा कलाकारों की शानदार प्रस्तुति के लिए भी जाना जा रहा है। इस एल्बम के रिलीजिंग के बाद युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और युवा तेजी से इसमें रील बना रहे हैं। शिवम पंडित अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल के माध्यम से दर्शकों व श्रोताओं के लिए अक्सर कुछ नया लेकर आते हैं यही कारण है की उनको दर्शकों का अपार स्नेह मिल रहा और पब्लिसिटी लगातार बढ़ती ही जा रही है। वहीं विंध्य के उभरते 20 वर्ष के युवा कलाकार शिवम पंडित ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस गाने के माध्यम से हम दुनिया को बताना चाहते हैं की बिना अश्लीलता फैलाए हुए भी रंगदारी के गाने बनाए जा सकते हैं जिसे युवा पीढ़ी खूब पसंद करती है, साथ ही इस गाने के निर्देशक कान्हा मिश्रा ने बताया की विंध्य क्षेत्र के कलाकारों के साथ मिलकर लगातार हम अच्छे गाने और भविष्य में फिल्में भी लाएंगे, जिससे विंध्य में रोजगार के नए संसाधन बनेंगे। सिस्टम हैं हम एल्बम सांग में निर्माता, निर्देशक, कलाकार, गीतकार, संगीतकार व एडीटर सभी युवा वर्ग हैं इसलिए युवाओं में इस एल्बम का काफी उत्साह देखा जा रहा है यही कारण है की रिलीज होने के 24 घंटों के भीतर यह गाना ट्रेंडिंग में आया और अब तक ट्रेंडिंग में है। इस गाने को यूट्यूब के साथ ही अविनाश तिवारी ऑफिशियल फेसबुक पेज पर भी रिलीज हुए 1 हफ्ते हो चुके हैं जिस पर डेढ़ लाख से अधिक दर्शकों और श्रोताओं ने देखा-सुना है , दर्शकों तथा श्रोताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और सोशल मीडिया विशेषज्ञों का कहना है कि जल्द ही यह गीत मिलियन व्यूज पार करेगा।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833